दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं...

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 | बिलासपुर, शुक्रवार 26 जनवरी 2024, | वर्ष-9 अंक- 295 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित | www.navpradesh.com

आज बेबाक

जिसका डर था बेदर्दी वही बात हो गई। ममता बनर्जी ने कांग्रेस और वामपंथी पार्टियों के प्रति निर्ममता दिखाते हुए एलान कर दिया कि वे सभी 40 सीटों पर अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ेंगी। मतलब बंगाल में आईएनडीआईए अर्थहीन हो गया। पंजाब में भी भगवंत सिंह मान ने आम आदमी पार्टी द्वारा सभी सीटों पर लड़े जाने की घोषणा कर कांग्रेस को ठेंगा दिखा दिया है। अब आईएनडीआईए के सूत्रधार नीतीश कुमार भी बदले बदले से सरकार नजर आ रहे हैं। इसे देखते हुए तो आईएनडीआईए की बरबादी के असार नजर आ रहे हैं। अब तो कोई चमत्कार ही इसका बेड़ा पार लगा पाएगा।

शुभकामनाएं

26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

- संपादक

अवकाश सूचना

दैनिक नवप्रदेश के प्रेस व कार्यालय में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 को अवकाश रहेगा। अगला अंक पाठकों के समक्ष 28 जनवरी रविवार को आएगा।

- प्रबंध संपादक

पीएम मोदी-मैक्रों ने जयपुर में किया रोड शो

जयपुर (एजेंसी)। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 2 दिन के राजकीय दौरे पर भारत आए हैं। गुरूवार को मैक्रों पेरिस से दिल्ली न जाकर सीधे जयपुर पहुंचे। यहां आमेर किले पर उनका राजस्थानी तौर-तरीकों से स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जयपुर के जंतर-मंतर पर पहुंचे। यहां उन्होंने मैक्रों को रिसीव किया। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को गले लगाया। फिर दोनों नेताओं ने त्रिपोलिया गेट से रोड शो शुरू किया जो सांगानेरी गेट पर खत्म हुआ। इस बीच दोनों नेताओं ने बड़ी चौपड़ में हवा महल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कृत हुई सीईओ रीना बाबासाहेब कंगाले

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को यहां 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में चुनावों के संचालन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्य और जिला स्तर के अधिकारियों को वर्ष 2023 के लिए पुरस्कार प्रदान किए। मतदाताओं को जागरूक करने में योगदान देने वाले सरकारी विभागों और मीडिया संगठनों सहित ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अमृत काल के प्रारंभिक दौर से गुजर रहा भारत : मुर्मु

नई दिल्ली/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर मैं आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। हमारे गणतंत्र का 75वां वर्ष, कई अर्थों में देश की यात्रा में एक ऐतिहासिक पड़ाव है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अपने योगदान से सार्वजनिक जीवन को समृद्ध बनाने के लिए, मैं कर्पूरी जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। उन्होंने कहा, कर्पूरी जी पिछड़े वर्गों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रसंगवश

सामाजिक न्याय के पर्याय को सर्वोच्च सम्मान

यशवंत धोटे

भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न एक बार फिर सम्मानित हुआ है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सामाजिक न्याय के पर्याय स्व. कर्पूरी ठाकुर को उनकी जन्म शताब्दी पर भारत रत्न सम्मान प्रदान करना इस देश की गौरवगाथा में एक सुनहरा अध्याय जुड़ गया। कर्पूरी ठाकुर उन बिरले नेताओं में से थे जिन्होंने महात्मा गांधी के सादा जीवन उच्च विचार को आत्मसात किया था। बिहार के समस्तीपुर जिले के एक छोटे से गांव पितौझिया में एक साधारण किसान परिवार में 24 जनवरी 1924 को जन्में स्व. कर्पूरी ठाकुर ने बेहद गरीबी में सामाजिक असमानता की चुनौती से लड़ते ऊंचा स्थान प्राप्त किया। सामाजिक न्याय के प्रबल पक्षधर स्व. कर्पूरी ठाकुर ने सातवें दशक में बिहार का मुख्यमंत्री रहते उस समय पिछड़ों और अति पिछड़ों के लिए आरक्षण दिया जब मंडल कमीशन भी नहीं बना था। उस समय उनके इस निर्णय का भारी विरोध भी हुआ, लेकिन वे अपने निश्चय पर अडिग रहे। उनका नारा था कि, पिछड़े पावें सौ में साठ। यही वजह है कि वे वंचित वर्ग के मसीहा बनकर उभरे और जननायक कहे गए। ऐसे सच्चे जननायक को भारत रत्न मिलना देश के सभी वंचित वर्ग का सम्मान है। यदि यह कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि स्व. कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न सम्मान मिलना भारत रत्न सम्मान का सम्मान है। निश्चित रूप से इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साधुवाद के पात्र है जिन्होंने सही समय पर सही निर्णय लिया है। स्व. कर्पूरी ठाकुर के जन्म शताब्दी वर्ष पर उन्हें इससे अच्छी और सच्ची श्रद्धांजलि और कोई नहीं हो सकती थी। यह बात अलग है कि अब इसे लेकर भी राजनीति की जा रही है। स्व. कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न सम्मान दिये जाने की घोषणा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सियासी दांव बताया जा रहा है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार यह कह रहे है कि उनकी पार्टी बहुत पहले से यह मांग उठाती रही है कि स्व. कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिया जाए। श्रेय लूटने की इस होड़ में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी शामिल हो गए है। उन्होनें तो सोशल मीडिया पर वो ज्ञापन जारी किये है जो समय-समय पर उनकी पार्टी की ओर से केन्द्र सरकार को सौंपे गए थे। सवाल यह नहीं है कि किस किस ने कब यह मांग उठाई थी, महत्वपूर्ण तो यह है कि किसने जनआकांक्षाओं का सम्मान किया और बहुप्रतिक्षित मांग को पूरा किया। यदि बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन के नेता जो खुद को सम्मानिक न्याय का पैरोकार मानते हैं और स्व. कर्पूरी ठाकुर को उसका आदर्श समझते हैं तो क्यों नहीं उन्होंने उस समय स्व. कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न सम्मान दिलाने के लिए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

24 घंटे में 25 आईएएस और राप्रसे के अफसरों के ट्रांसफर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक फेरबदल जारी है। विष्णुदेव सरकार ने पिछले 24 घंटे के दौरान 25 भारतीय प्रशासनिक सेवा और राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों का तबादला कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने अफसरों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। राज्य सरकार ने बुधवार की देर रात पहली सूची जारी की। इसमें 13 आईएएस अफ सरों के प्रभार में फेरबदल किया है। इनमें 2008 बैच के आइएएस राजेश सिंह राणा का कद बढ़ा दिया है। उन्हें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का सचिव बनाया गया है। यह विभाग उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के पास है। इसके बाद गुरूवार की शाम 4 बजे 8 प्रशासनिक सेवा के अफसरों का ट्रांसफर आदेश जारी किया गया। नई बैच के आईएएस अधिकारियों को जिला पंचायत, नगर निगम आयुक्त और एसडीएम के पद पर पदस्थ किया गया। फिर देर शाम 4 अफसरों की सूची जारी की गई है। इस तरह पिछले 24 घंटे के दौरान 24 अफसरों का तबादला किया गया है।

इन अधिकारियों को मिली यह जिम्मेदारी

सीआर प्रसन्ना : निदेशक, ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान।

राजेश सिंह राणा : सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, सीईओ, राज्य कौशल विकास विभाग व सीईओ क्रेडा।

पुष्पा साहू : संचालक स्थानीय निधि संपरीक्षा, सचिव, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल।

ऋतुराज रघुवंशी : आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं।

महादेव कावरे : संचालक, कोष लेखा व पेंशन।

डोमन सिंह : अपर आयुक्त बिलासपुर संभाग व सरगुजा संभाग, अंबिकापुर।

पदुम सिंह एल्मा : संचालक, आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान व प्रबंध संचालक अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम।

आनंद कुमार मसीह : आयुक्त, वक्फ सर्वे।

अमृत विकास तोपनो : सीईओ, छत्तीसगढ़ राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी ।

तुलिका प्रजापति : संचालक, महिला एवं बाल विकास व प्रोजेक्ट डायरेक्टर चिरायु परियोजना।

गोपाल वर्मा : सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छग में अब बुलडोजर की एंट्री...

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा जिले में साधराम यादव मर्डरकेस के मास्टरमाइंड अयाज खान की दुकान पर बुलडोजर चला है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के जिले में अपराधियों के घर बुलडोजर चलाने की ये पहली बड़ी कार्रवाई है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। गुरुवार 25 जनवरी की सुबह करीब 8 बजे भारी पुलिस बल के साथ नगर पालिका और जिला प्रशासन की टीम बुलडोजर लेकर कवर्धा के बीचपारा स्थित अयाज खान के घर पहुंची और मकान के सामने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

20 जनवरी को हुई थी हत्या

कवर्धा शहर से लगे हुए लालपुर में 20 जनवरी की दरम्यानी रात को चरवाहे साधराम यादव (50 साल) की गला रेत कर हत्या के मामले में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश प्रशासन को दिये थे। प्रशासन ने निर्देश मिलने के अगले ही दिन पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये थे कि आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई हो। कार्रवाई इस ■ शेष पृष्ठ 8 पर



श्री धरमलाल कौशिक
विधायक
बिल्हा विधानसभा क्षेत्र

श्रीमती राधिका जितेन्द्र जोगी
अध्यक्ष
जनपद पंचायत, बिल्हा

श्री विक्रम सिंह ठाकुर
उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत, बिल्हा

श्री संदीप पोयाम
सी.ई.ओ.
जनपद पंचायत, बिल्हा

गणतंत्र दिवस की जनपद पंचायत परिवार

की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

जनपद पंचायत बिल्हा में संचालित पंचायत विभाग की योजना

- महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा)
- स्वच्छ भारत मिशन (एस.बी.एम.)
- प्रधानमंत्री आवास योजना (पी.एम.ए.वाई. ग्राम)
- गोधन न्याय योजना
- सुराजी ग्राम योजना
- अनु. जाति विकास प्राधिकरण
- छ.ग. विकास प्राधिकरण
- मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना
- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एन.आर.एम.एल.)
- सांसद आदर्श ग्राम योजना
- मुख्यमंत्री पंचायत सशक्तिकरण
- विधायक निधि
- जनपद निधि
- गौण खनिज
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्ध पेंशन योजना
- इंदिरा गांधी विधवा पेंशन योजना
- इंदिरा गांधी दिव्यांग पेंशन योजना
- परिवार सहाय योजना
- श्रद्धांजलि योजना
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पी.एम.जी.एस.वाई.)
- नल-जल योजना
- स्वामी आत्मानंद वाचनालय
- मुख्यमंत्री आंतरिक गली विद्युतीकरण योजना
- स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना
- जिला पंचायत निधि
- मिनी स्टेडियम
- मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना
- मुख्यमंत्री पेंशन योजना
- 15वें वित्त योजना

सौजन्य- समस्त जनपद पंचायत परिवार बिल्हा, बिलासपुर (छ.ग.)



मा. श्री नरेन्द्र मोदी जी
प्रधानमंत्री

मा. श्री विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन

मा. श्री धरमलाल कौशिक जी
विधायक, बिल्हा विस क्षेत्र

न पूछो जमाने से कि क्या हमारी कहानी है, हमारी पहचान तो बस इतनी है कि हम सब हिन्दुस्तानी हैं

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

भूपेन्द्र सवन्नी प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

श्री दिलीप लहरिया
विधायक
मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र

श्रीमती सावित्री रामनारायण राठौर
अध्यक्ष
जनपद पंचायत, मस्तूरी

श्री नितेश सिंह ठाकुर
उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत, मस्तूरी

श्री जे.आर. भगत
सी.ई.ओ.
जनपद पंचायत, मस्तूरी

गणतंत्र दिवस की जनपद पंचायत परिवार

की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

जनपद पंचायत मस्तूरी में संचालित पंचायत विभाग की योजना

- महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा)
- स्वच्छ भारत मिशन (एस.बी.एम.)
- प्रधानमंत्री आवास योजना (पी.एम.ए.वाई. ग्राम)
- गोधन न्याय योजना
- सुराजी ग्राम योजना
- अनु. जाति विकास प्राधिकरण
- छ.ग. विकास प्राधिकरण
- मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना
- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एन.आर.एम.एल.)
- सांसद आदर्श ग्राम योजना
- मुख्यमंत्री पंचायत सशक्तिकरण
- विधायक निधि
- जनपद निधि
- गौण खनिज
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्ध पेंशन योजना
- इंदिरा गांधी विधवा पेंशन योजना
- इंदिरा गांधी दिव्यांग पेंशन योजना
- परिवार सहाय योजना
- श्रद्धांजलि योजना
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पी.एम.जी.एस.वाई.)
- नल-जल योजना
- स्वामी आत्मानंद वाचनालय
- मुख्यमंत्री आंतरिक गली विद्युतीकरण योजना
- स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना
- जिला पंचायत निधि
- मिनी स्टेडियम
- मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना
- मुख्यमंत्री पेंशन योजना
- 15वें वित्त योजना

सौजन्य- समस्त जनपद पंचायत परिवार मस्तूरी, बिलासपुर (छ.ग.)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

ताज्जमूल हक
पूर्व पार्षद

इकबाल हक
अध्यक्ष
तोरवा चौक व्यापारी महासंघ बिलासपुर

लोकतंत्र की सफलता में मतदाताओं की भूमिका अहम : शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोकायुक्त न्यायमूर्ति टीपी शर्मा ने कहा है कि लोकतंत्र को निरंतर सुदृढ़ करने और लोकतंत्र की सफलता में मतदाताओं की सशक्त तथा अहम भूमिका है। 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि अपने मताधिकार का उपयोग करना मतदाताओं का अधिकारी भी है और कर्तव्य भी। इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय रायपुर के विवेकानंद सभागार में आयोजित समारोह में कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पीएस ध्रुव, जिला निर्वाचन अधिकारी रायपुर गौरव सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित थे। न्यायमूर्ति श्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के साथ साथ शहरी क्षेत्रों में भी मतदान के प्रति जागरूकता बढ़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि जरूरत इस बात की है कि हम मतदान के अपने लोकतांत्रिक कर्तव्य के महत्व को स्वयं समझे और साथ ही अन्य लोगों को भी जागरूक करें। राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता कर रहे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है जो आश्वस्त करता है कि देश में लोकतंत्र आने वाले दिनों में और सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में लगातार पारदर्शिता बढ़ती जा रही है जो यह भी आश्वस्त करती है आम मतदाताओं की भूमिका बढ़ रही है। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने सभी उपस्थित लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई। न्यायमूर्ति टीपी शर्मा एवं कुलपति डॉ गिरीश चंदेल ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर कृषि महाविद्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता पर आधारित एक दिवसीय फ टो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में प्रदेशभर में आयोजित किए जाने वाले मतदाता जागरूकता अभियानों पर आधारित छायाचित्रों को प्रदर्शित किया गया है।

इन्हें भी मिला पुरस्कार

इसके अलावा निर्वाचकीय कार्यों में उत्कृष्टता के साथ कार्य करने हेतु विशेष जूरी पुरस्कार से जिला पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेंदर यादव (नोडल अधिकारी स्वीप) को और उत्कृष्ट उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरस्कार से उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मुंगेली के प्रवीण तिवारी, जिला सूरजपुर की सुश्री प्रियंका वर्मा और जिला कबीरधाम के रितुराज बिसेन को सम्मानित किया गया।

4 कलेक्टरों को किया पुरस्कृत

राज्य स्तरीय समारोह के दौरान निर्वाचन कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। प्रमुख लोकायुक्त न्यायमूर्ति टीपी शर्मा तथा कुलपति डॉ गिरीश चंदेल ने जिला सूरजपुर के तत्कालीन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आईएएस संजय अग्रवाल, जिला गरियाबंद के तत्कालीन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आईएएस आकाश छिकारा और राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ जिला (स्वीप) पुरस्कार से जिला कांकेर के तत्कालीन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आईएएस डॉ. प्रियंका शुक्ला व जिला धमतरी के तत्कालीन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आईएएस ॠतुराज रघुवंशी को सम्मानित किया।

बुलडोजर चलाना भाजपा का अतिवादी चरित्र : बैज

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सरकार द्वारा की जा रही बुलडोजर की कार्यवाही को कांग्रेस ने भाजपा का अलोकतांत्रिक और अतिवादी चरित्र बताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि यह भय और आतंक फैलाने के लिये की गयी कार्यवाही है। अपराधी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही होनी चाहिये। अपराधी कोई भी हो कानून से बड़ा नहीं हो सकता। अपराध और अपराधी के खिलाफकार्यवाही के लिये बाबा साहब का संविधान है। यदि किसी ने अपराध किया है तो कानून के अनुसार पुलिस कार्यवाही करें और न्यायालय उस पर फैसला सुनायेगा लेकिन बिना कानूनी प्रक्रिया के सरकार का बुलडोजर चलाना तालिबानी प्रवृत्ति है। श्री बैज ने कहा कि घर में पूरा परिवार रहता है अपराध कोई एक व्यक्ति करता है एक व्यक्ति के द्वारा किये गये अपराध की सजा पूरे परिवार को नहीं दी जानी चाहिये। अपराधी के मां-बाप, पत्नी, बच्चे, भाई-बहनों का क्या अपराध है कि बेघर कर दिया जाय। कांग्रेस भाजपा के इस अतिवादी चरित्र की कड़ी निंदा करती है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाहियां पहले भी नियमित रूप से होती रही है लेकिन तय प्रक्रिया के अनुसार नोटिस, पूर्व सूचना देकर, सुनवाई का अवसर देने के बाद ही सख्त कार्रवाई करना प्रशासन का दायित्व है। केवल राजनीतिक लाभ के लिए डर और भय का वातावरण बनाने, तत्परता दिखाने इस तरह विध्वंसात्मक की कार्रवाई अन्याय है। भाजपा शासित राज्यों में न्याय के नाम पर बुलडोजर एक्शन के खिलाफ उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में भी गंभीर टिप्पणी की है। भाजपा का बुलडोजर सदैव गरीब और आम जनता के ऊपर ही चलता है। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने मौली माता मंदिर, मरही माता मंदिर, खालसा स्कूल के पास के झोपड़पट्टी और छोटे गुमटियों पर बिना व्यवस्थापन के चलाया गया, अब फिर से प्रदेश में सरकार बनते ही इस प्रकार से असंवैधानिक और गैर कानूनी कार्यवाही पुनः शुरु हो गई है।

आज पॉवर कंपनी में गणतंत्र दिवस

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मुख्यालय डंगनिया परिसर के खेल मैदान में 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। पॉवर कम्पनीज के अध्यक्ष पी.दयानंद (आईएएस.) प्रातः 7.15 बजे ध्वजारोहण कर मार्चपास्ट परेड की सलामी लेंगे। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जायेगा। समारोह में पावर कम्पनीज के प्रबंध निदेशकगण मनोज खरे एवं एस.के.कटियार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा- एयरपोर्ट पर गुंडागर्दी की तो खैर नहीं...

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल में ट्रैवल्स व टैक्सी संचालकों द्वारा यात्रियों से की जा रही बदसलूकी अब आम बात हो गई है। रोजाना यहां विवाद की स्थिति बन रही है। अब इस पर राज्य सरकार ने स्वतः संज्ञान में ले लिया है। प्रदेश के गृह मंत्री और डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने रायपुर विमानतल के ट्रैवल्स व टैक्सी संचालकों को नसीहत दी है कि अब वे यात्रियों से बदसलूकी करना छोड़े दें। यह उनके लिए आखिरी चेतावनी है। गृह मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि अब यदि टैक्सी व ट्रैवल्स संचालक विमानतल में यात्रियों से बदसलूकी करते है तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मालूम हो कि पिछले दिनों विमानतल के बाहर टैक्सी संचालकों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। इसके बाद रायपुर एएसपी ने रायपुर विमानतल पहुंच कर टैक्सी और ट्रैवल्स संचालक की बैठक लेकर कड़ी फटकार लगाई थी। इसके बाद भी यहां से विवाद की खबरें आयी। इसके बाद प्रदेश सरकार ने इसे संज्ञान में ले लिया है। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार राज्य में भयमुक्त शासन देने के वादे तथा अपराध के प्रति जीरो टालरेंस की नीति पर चलते हुए सूबे में आपराधिक गतिविधियों में लगे लोगों और गैरकानूनी कार्यों में लगे अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

नई खेल नीति के साथ खेल अलंकरण समारोह आयोजित करने की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा को ज्ञापन सौंपा। इसमें नई खेल नीति, खेल अलंकरण समारोह के आयोजन सहित सात सूत्रीय मांगों को रखा गया.खेल मंत्री ने सभी मांगों को जल्द पूर्ण करने का आश्वासन दिया। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश खेल एवं कला सह प्रमुख अमन यादव के नेतृत्व में सभी खिलाड़ियों ने ज्ञापन सौंपा। खिलाड़ियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए हमेशा राज्य को गौरान्वित किया है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से प्रदेश के खिलाड़ियों को मान सम्मान नहीं मिल रहा हैं। वहीं अपनी मूल सुविधाओं के लिए भटकना पड़ रहा है। खिलाड़ियों की ओर से शासन के समक्ष रखी गई मांगों में खेल अलंकरण समारोह का आयोजन प्रतिवर्ष तय तिथि 29 अगस्त को करने, पिछले 4 वर्षों की प्रोत्साहन राशि खिलाड़ियों को प्रदान करने, विलंबित उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा तत्काल प्रभाव से करने, उत्कृष्ट खिलाड़ी खेल नियम में संशोधन कर जूनियर पदक विजेता खिलाड़ियों को भी शासकीय नौकरी के लिए पात्र करना शामिल है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के लिए नई खेल नीति का निर्माण, खेल विभाग में रिक्त पदों में भर्ती, कोच की भर्ती, खेलो इंडिया के पदक विजेता प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की मांग शामिल हैं।

महाराष्ट्र मंडल- प्रकल्पों में देशभक्ति कार्यक्रम आज

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के सभी प्रकल्पों में शुक्रवार को सुबह गणतंत्र दिवस पर प्रत्येक प्रकल्पों में देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रमों की बहार होगी। इससे पहले राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा। भवन प्रभारी दीपक किरवईवाले के अनुसार महाराष्ट्र मंडल भवन में सुबह 7:30 बजे अध्यक्ष अजय काले राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएंगे। मंडल परिसर में ही कामकाजी महिला वसति गृह व छात्रावास में राष्ट्रीय ध्वज सुबह 7:45 बजे महाराष्ट्र नाट्य मंडल के निर्देशक अनिल कालेले फहराएंगे। सहसचिव गीता दलाल ने बताया कि समता कॉलोनी स्थित दिव्यांग बालिका विकास गृह में महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी। इस मौके पर दिव्यांग बच्चियां राष्ट्रगान संग देशभक्तिपूर्ण गीत भी गाएंगी।

समस्त प्रदेशवासियों को 26 जनवरी
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
डॉ. खूबचन्द बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना
मुख्यमंत्री दाई-दीदी क्लिनिक योजना
मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना
मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान
मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना
श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य
अधिकारी, सुकमा

समस्त जिलेवासियों को 26 जनवरी
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
लोक निर्माण विभाग सुकमा



एनटीपीसी NTPC
सीपत SIPAT
एनटीपीसी सीपत
की ओर से सभी को
75 वें
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
छत्तीसगढ़ का गौरव
एनटीपीसी सीपत
सीपत सुपर थर्मल पावर स्टेशन
पी.ओ.: उज्जवल नगर, सीपत, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495 555
विद्युत क्षेत्र में अग्रणी

JINDAL STEEL & POWER
26
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ
देश की शान तिरंगा,
हम सबका अभिमान तिरंगा
नवीन जिन्दल
चेयरमैन - जिन्दल स्टील एंड पॉवर

न्यूज गैलरी

डिप्टी सीएम साव बिलासपुर में फहराएंगे ध्वज

बिलासपुर। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ध्वजारोहण करेंगे। मुख्य समारोह में प्रातः 8.59 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण, राष्ट्रगान होगा। प्रातः 9.03 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया जाएगा। सवेरे 9.13 बजे परेड द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। प्रातः 9.18 बजे मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन होगा। इसके पश्चात प्रातः 9.48 बजे स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। प्रातः 10.17 बजे शासकीय विभागों की झांकी निकाली जाएगी। इसके पश्चात प्रातः 10.47 बजे जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी पूरी हो चुकी है। समारोह में 19 विभागों द्वारा आकर्षक झांकी का प्रदर्शन किया जाएगा। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। शासकीय योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लगभग 90 कर्मचारियों को उपमुख्यमंत्री श्री अरूण साव सम्मानित करेंगे।

ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक एवं ड्रेसर पदों पर दावा-आपत्ति 28 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (पुरूष) एवं डेऊसर ग्रेड 1 के रिक्त पदों पर प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। जारी सूची पर 28 जनवरी शाम 5 बजे तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत किये जा सकते है। ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (पुरूष) के लिए दावा-आपत्ति dressercmhobilaspur@gmail.com एवं ड्रेसर के लिए दावा-आपत्ति mpwcmhobilaspur@gmail.com के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे। डाक द्वारा या अन्य किसी माध्यम से तथा निर्धारित तिथि समय सीमा पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। पात्र-अपात्र सूची पर दावा-आपत्ति मंगाये जाने की जानकारी जिले की वेबसाईट https://bilaspur.gov.in/ एवं www.cghealth.nic.in पर अपलोड एवं कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है।

आदतन बदमाशों को तारबाहर पुलिस ने किया गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। पीड़ित पंकज कुमार, पीयूस सूर्यवंशी, मुस्कान साहू एवं मनोरमा कुम्हार सभी प्रार्थी गणों को आरोपियों के द्वारा अलग-अलग स्थानों पर मारपीट के घटना किये हैं प्रार्थीगणों के रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना स्थल रेल्वे कालोनी, डीपुपारा एवं भारत माता स्कूल के पास मारपीट कर गाली करते हुए, हांथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिये है। आरोपीगण फरार हो गये थे प्रार्थीगणों के रिपोर्ट पर आरोपी अंकुश यादव व पिन्टू यादव रेल्वे कंस्ट्रक्शन कालोनी छोटा ग्राउंड तारबाहर में उपस्थित होने की सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर पकड़ा गया जो अपराध करना स्वीकार किया है। जिन्हें अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया। रिमाण्ड पर न्यायालय में पेश किया गया है। अपराधियों पर पुलिस की शख्त कार्यवाही जारी रहेगी।

शराब पीते 6 आरोपी चढे पुलिस के हत्थे

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में अवैध मदिरा की खरीदी बिक्री की शिकायत एवं इससे बढ़ते अपराध एवं निजात अभियान के तहत रोकथाम एवं कड़ी कार्यवही हेतु पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन संदीप पटेल के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है जिनके पालन में मुखबीर से सूचना मिलने पर सीएमडी चौक लिंक रोड में लडके लोग इकट्ठा होकर आम स्थान पर शराब पी रहे हैं कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी से अवगत कराकर मौके पर पुलिस टीम एवं गवाह के साथ पहुंचकर पुछताछ पतासाजी कर घेरा बंदी किया गया जो आरोपीगण मुकेश मुण्डोतिया, हरीश वर्मा, सचिन सुर्यवंशी, प्रदीप नायक, मुकेश जाट एवं राहुल टेलर को सार्वजनिक स्थान सीएमडी चौक के पास शराब पीते पाये जाने से थाना लाया गया आरोपियों के विरूद्ध उक्त अपराध धारा कायम कर न्यायालय में पेश किया जाता है।

नमो नवमतदाता सम्मेलन में शामिल हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कौशिक

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज फर्स्ट टाइम वोटर्स के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होने देश के युवाओं से अपील की कि वे बताएंज बीजेपी का घोषणा पत्र कैसा हो। उन्होने नमो ऐप के माध्यम से अपना सुझाव भेजने और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में मदद करने का आह्वान किया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक बिल्हा ने धरमलाल कौशिक ने विधानसभा बिल्हा के अंतर्गत झूलेलाल मंगलम में 'नमो नवमतदाता सम्मेलन' में वर्चुअली शामिल हुए। इस अवसर पर श्री कौशिक ने कहा कि कहा कि 'भारत के प्रधानमंत्री दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी जी ने भारत के आज करोड़ो नव मतदाताओं को नमो मतदाता सम्मेलन में आज संवाद किया है। प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि नए भारत के निर्माण में देश के इन नौजवानों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। नये आईडियाज नये इनोवेशंस नई सोच के साथ उन्होने देश के युवाओं से आह्वान किया है।

कलेक्टर ने निरीक्षण कर कार्ययोजना बनाने दिए निर्देश, यात्रियों के ठहरने बनेगा रैन बसेरा

बस स्टैंड में यात्री सुविधाओं का होगा विस्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। तिफरा स्थित नए बस स्टैंड में यात्री सुविधाओं का समुचित विकास किया जायेगा। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज इसका निरीक्षण कर कार्ययोजना बनाने के निर्देश निगम प्रशासन को दिए हैं। डीएमएफ मद से जरूरी राशि की मंजूरी दी जाएगी।यात्रियों के ठहरने के लिए रैन बसेरा,अंदर और बाहर पर्याप्त रोशनी, साफ पानी, सुरक्षा आदि तमाम व्यवस्था सुनिश्चित की जाएंगी। कलेक्टर श्री अवनीश शरण ने आज रायपुर रोड पर तिफरा स्थित नये बस स्टैंड का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रियों के लिए स्टैंड में उपलब्ध मौजूदा सुविधाओं का जायजा लिया। यात्रियों सहित यातायात बस महासंघ के पदाधिकारियों, ड्राइवरों और कंडक्टरों से चर्चा कर उनकी राय जानी। उनकी दिक्कतों को महसूस करते हुए कलेक्टर ने महिला व पुरुषों के लिए अलग अलग रैन बसेरा, रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, सीसीटीवी सहित भवन के आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने सुलभ शौचालय एवम् इसके संचालन की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने वाहनों की टिकट काउंटर का भी अवलोकन किया। उन्होंने प्रमुख शहरों के आने जाने की किराया सूची भी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। किसी भी हालत में शासन द्वारा निर्धारित किराये से ज्यादा वसूली नहीं करने की हिदायत दी। स्टैंड पर शाम और रात में असामाजिक तत्वों को कड़े संदेश देने नियमित रूप से पुलिस की गश्त करने को कहा है। उन्होंने बस स्टैंड में उपलब्ध दुकानों, उनके आवंटन और आमदनी की जानकारी लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम सूरज साहू,प्रभारी निगम आयुक्त श्री आर के जायसवाल सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवसः उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी -कर्मचारी सम्मानित

लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर व्यक्ति करें मतदानः आईजी यादव

बिलासपुर/नवप्रदेश। 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन आज जिला प्रशासन द्वारा कोनी स्थित बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आई. जी. श्री अजय यादव ने कहा कि लोकतंत्र एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें हम सभी की सहभागिता शत-प्रतिशत सुनिश्चित होनी चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर व्यक्ति को मतदान करना चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान से लोगों में जागरूकता आई है। मतदान हेतु युवा वर्ग में जो जागरूकता आई है उससे न केवल उनके परिवार जागरूक होंगे अपितु समाज भी जागरूक होगा।

मुख्य अतिथि की आसंदी से आईजी श्री अजय यादव ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान तभी सार्थक है जब व्यक्ति स्वतंत्र रूप से मतदान के लिए आगे आये। 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम '' थीम पर किया गया। कलेक्टर श्री अवनीश शरण ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। मतदान हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है। हम अपने अधिकारों की बात तो करते हैं लेकिन अपने कर्तव्यों के प्रति सजग नहीं रहते हैं। लोकतांत्रिक पद्धति को मजबूत बनाने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। उन्होंने सभी से अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक श्री संतोष कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा मतदान लोकतंत्र का आधार है। एक एक वोट से लोकतंत्र मजबूत बनता है। वोट देने का अधिकार हमें 18 साल इंतजार करने के बाद मिलता है।

कार्यक्रम में आईजी श्री यादव द्वारा सभी अधिकारी, कर्मचारियों एवं युवा मतदाताओं को देश की लोकतांत्रिक परम्परा बनाये रखने तथा निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रत्येक विधानसभा से एक बीएलओ को 6 हजार रू. प्रोत्साहन राशि का चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला स्तरीय पुरस्कार से अटल बिहारी विश्वविद्यालय के एनएसएस प्रभारी श्री मनोज सिन्हा को सम्मानित किया गया। सभी रिटर्निंग आफिसर और सहायक रिटर्निंग आफिसर समेत अन्य उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही नये युवा मतदाताओं को ईपिक कार्ड दिया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित गानों, नुक्कड़ नाटक, नृत्य और कविता की शानदार प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अजय अगवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिव कुमार बनर्जी, सभी एसडीएम, तहसीलदार सहित अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में कॉलेज के विद्यार्थी मौजूद थे।

उसलापुर आरओआर में गाड़ियों का परिचालन शुरू

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्रर विकास तथा गाड़ियों के क्रास मूमेंट की समस्या के समाधान, गाड़ियों का गतिशील परिचालन व समयबद्धता सुनिश्चित करते हुये गाड़ियों के संरक्षित परिचालन की दिशा में बेहतर कार्य करते हुये आधुनिक अधोसंरचना विकास के तहत बिलासपुर एवं उसलापुर स्टेशनों के मध्य 10.4 किमी लंबी आरओआर (रेल के ऊपर रेल) का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है 7 साथ ही दिनांक 23 जनवरी 2024 को दक्षिण पूर्व सर्कल के आयुक्त, रेलवे सेफ्टी श्री बी.के.मिश्रा द्वारा इसका निरीक्षण भी किया जा चुका है तथा इस पर गाड़ियों का परिचालन कभी भी किया जाना संभावित है। रेलवे प्रशासन द्वारा सुरक्षा और संरक्षा के लिए आम जनता से यह अनुरोध है एवं उन्हें सावधान किया जाता है कि वे इस रेलवे ट्रैक पर आवाजाही ना करें, इसके आसपास ना आएं, साथ ही अपने मवेशियों को भी उनकी सुरक्षा हेतु रेलवे ट्रैक से दूर रखें ।

एसईसीएल ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती मनाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर एडीएन वाजपेयी द्वारा कर्पूरी ठाकुर के व्यक्तित्व एवं जीवन पर दिया गया व्याख्यान सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा ने श्री ठाकुर के जीवन से प्रेरणा लेते हुए संघर्ष करते हुए आगे बढ़ते रहने का किया आह्वान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ एवं सामाजिक न्याय के पुरोधा जननायक श्री कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती एसईसीएल में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई जिसके पश्चात सभी अतिथियों द्वारा जननायक श्री कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर एडीएन वाजपेयी द्वारा एक व्याख्यान के जरिये कर्पूरी ठाकुर के व्यक्तित्व एवं जीवन पर प्रकाश डाला गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा की श्री कर्पूरी ठाकुर एक जननेता थे जिन्होने समाज के पिछड़े एवं वंचित लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने में एक बड़ी भूमिका निभाई। राजनीति में एक बड़ा स्थान हासिल करने के बावजूद वे हमेशा अपनी जड़ों से जुड़े रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा ने इस अवसर पर कर्पूरी ठाकुर के कथन, अधिकार चाहो तो लड़ना सीखो, पग पग पर अड़ना सीखो, जीना है तो मरना सीखो÷ का ज़िक्र करते हुए कहा हम सभी को श्री ठाकुर के इस विचार से प्रेरणा लेते हुए अपने जीवन में विभिन्न कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए संघर्ष करते हुए आगे बढ़ते रहना है। कार्यक्रम में निदेशक तकनीकी (संचालन सह योजना/परियोजना) एसएन कापरी, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री जयंत कुमार खमारी, विभिन्न विभागाध्यक्षगण ,अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिक्षा के बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं-लहरिया

सीपत/नवप्रदेश। शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में मंगलवार को वार्षिकोत्सव एवं पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे की आराधना के बाद राजगीत से हुआ। सर्वप्रथम कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ राजीव शंकर खेर ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

विधायक दिलीप लहरिया ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा में प्रतिस्पर्धा जरूर होनी चाहिए। आप मे पटवारी तहसीलदार कलेक्टर बनने का जज्बा होना चाहिए। संघर्ष ही सफलता की नींव है। शिक्षा रूपी शस्त्र से ही बेहतर जीवन का निर्धारण किया जा सकता है। छात्र शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी गतिविधि में अपना रुचि रखें। उन्होंने यूनिवर्सिटी स्तर पर कॉलेज के विद्यार्थियों को परचम लहराने की बात कही। कॉलेज व छात्रों की मांग पर उन्होंने भव्य कॉलेज गेट बनाने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि वैदिक महाविद्यालय के चेयरमेन व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश संयोजक द्वारिकेश पांडेय ने कहा कि विद्यार्थी कच्ची मिट्टी के समान है इसे पकने दें। आप जीवन मे समय के महत्व को समझकर एक एक क्षण का सदुपयोग करें। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व सीपत सरपंच राजेंद्र धीवर ने कहा कि विद्यार्थी लक्ष्य साधकर दृढ़संकल्प के साथ पढ़ाई कर माता पिता व संस्था को गौरवान्वित करें। उन्होंने तत्कालीन सीएम को छात्रों के एम कॉम व एमएससी की मांग को पूरा करने धन्यवाद ज्ञापित किया। पिछड़ा वर्ग के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलेन्द्र कौशिल ने कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने में युवावों का योगदान अहम है। इन्होंने भारत सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर भी प्रकाश डाला। जिला पंचायत सभापति राहुल सोनवानी ने जीवन मे अनुशासन व जीवन को सार्थक बनाने के लिए समय के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ हेमंतपाल धृतलहरे व आभार उपप्राचार्य प्रो नीना वखारिया ने किया। इस दौरान विधायक के सुपुत्र अरविंद लहरिया भी अतिथि के रूप में मनचं पर उपस्थित रहे। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो का सिलसिला शुरू हुआ। छात्रों ने कर्मा सुआ सरगुजिहा सहित एक से बढ़कर एक नृत्यों से लोकसंस्कृति की छटा बिखेरी। आयोजन को सफल बनाने में सभी प्राध्यापकगण , कर्मचारी एवं छात्र छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

सेना भर्ती | भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती पर संभाग स्तरीय कार्यशाला आयोजित

भारतीय सेना में जाना हर युवा का सपना, 400 से ज्यादा युवा हुए शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर की भर्ती में संभाग के युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन स्व. लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में किया गया। यह कार्यशाला जिला प्रशासन, सैनिक कल्याण बोर्ड एवं जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। कार्यशाला में आईटीआई, पॉलीटेक्निक, महाविद्यालयों, उच्चतर माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों सहित अन्य युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। भारतीय सेना के लिए साढ़े 17 से 21 वर्ष के युवाओं को जागरूक कर अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाईन पंजीयन करने यह कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में 400 से ज्यादा युवा शामिल हुए। कलेक्टर अवनीश शरण ने इस अवसर पर युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। कलेक्टर ने कहा कि भारतीय सेना में जाना हर युवा का सपना होता है। देश सेवा करना बड़े गर्व की बात होती है। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला निश्चित रूप से युवाओं के लिए उपयोगी होगी। सेना में युवाओं की सहभागिता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि अब सेना में भर्ती का प्रारूप बदल गया है। पहले शारीरिक परीक्षा के बाद लिखित परीक्षा होती थीं, लेकिन अब लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद शारीरिक परीक्षा होती है। उन्होंने युवाओं को आईक्यू बढ़ाने पर जोर दिया। परीक्षा के पैटर्न को समझते हुए अपनी पुख्ता तैयारी करने कहा। विषय विशेषज्ञों से आग्रह किया कि युवाओं के प्रश्नों को इत्मीनान से सुनकर उनकी शंकाओं का समाधान करें। उन्होंने युवाओं से कहा कि वे परीक्षा की तैयारी के लिए अभी से जुट जाए और अपने सपने पूरे करें। कार्यशाला में आईटीआई और डिप्लोमा उत्तीर्ण आवेदकों को सेना के तकनीकी पदों पर भर्ती हेतु प्रोत्साहित किया गया। उल्लेखनीय है कि अग्निवीर भारतीय सेना में भर्ती के लिए ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन लिए जा रहे है। वायु सेना में भर्ती के लिए 17 जनवरी से 6 फरवरी एवं थल सेना में भर्ती के लिए 8 फरवरी से 21 मार्च 2024 तक ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन किये जा सकते है। कार्यशाला में ऑनलाईन पंजीयन भर्ती के लिए आवश्यक मापदण्ड एवं तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में भारतीय वायु सेना भोपाल से वारंट अधिकारी रामनिवास यादव और भारतीय सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से मेजर पीके माथुर ने सेना में अग्निवीर की पंजीयन और भर्ती प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। ग्रुप कैप्टन निवास ने बताया कि हमें इस सेवा में क्यो जाना चाहिए और इसके क्या फायदे है।

अयोध्या में 25 जनवरी से 25 मार्च तक निरंतर 60 दिनों तक शबरी प्रसादालय

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा अयोध्या में 60 दिनों तक कराए जा रहे भंडारे को लेकर रसोइयों एवं कार्यकर्ताओं को रवाना करते हुए झंडी दिखाई। प्रदेश स्तरीय राम मंदिर दर्शन के प्रदेश सयोंजक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने आज राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित प्रभु श्री राम मंदिर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ अयोध्या के श्री रामलला मंदिर में 25 जनवरी से 25 मार्च तक निरंतर 60 दिनों तक चलने वाले शबरी प्रसादालय (निःशुल्क भंडारा) में सेवा देने के लिए 60 रामसेवकों के तथा एग्रोक्रेट सोसायटी फॉर रूरल डेवलपमेंट, स्वर्गीय पुरषोत्तम अग्रवाल फाउंडेशन, सनातन सेवा, शिव महापुराण सेवा समिति, नीलांचल सेवा समिति, काली माता अन्न दान भंडारा समिति,तक्षत इको फार्म भोरमदेव एवं जत्थे को शुभकामनाएं देते हुए झंडी दिखाकर छत्तीसगढ़ से रवाना किया गया। इस अवसर पर श्री राम मंदिर दर्शन समिति के प्रदेश संयोजक धरमलाल कौशिक ने कहा कि बड़े हर्ष का विषय है कि 500 साल के अथक परिश्रम के बाद 22 जनवरी को अयोध्या में अपने मूल स्थान पर प्रभु रामलला की विधि विधान से हमारे प्रभु श्री राम हम सब कर बीच विराजे है जिसमे पूरा देश राममय हुआ है। यह हमार सौभाग्य है कि हमे श्री राम भगवान की जन्मभूमि में निःशुल्क भोजन वितरण करने का अवसर पर प्राप्त हो रहा है। निश्चित रूप से आप सब भी ऐसा महसूस कर रहे होंगे... आज इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत का हर नगर, हर ग्राम अयोध्या धाम है... हर मन में राम नाम है। इसी अवसर के लिए प्रधानमंत्री जी ने तप किया, अब हमें भी तप करना है। राम राज कैसा था।

संपादकीय

भारत की गौरवगाथा पर गर्व करने का पर्व गणतंत्र दिवस

भारत इस साल अपने गणतंत्र पर्व की 75वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। गौरतलब है कि 15 अगस्त 1947 को हमें अंग्रेजों की गुलामी से आजादी मिली थी लेकिन उस समय हमारा अपना संविधान नहीं था। संविधान सभा के गठन के बाद 26 जनवरी 1950 को हमारे देश में हमारा अपना संविधान लागू किया गया। इसीलिए हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। इस साल के गणतंत्र दिवस का विशिष्ट महत्व है। क्योंकि गणतंत्र दिवस की 75वीं सालगिरह है। बीते 75 सालों में भारत ने विकास के पथ पर तेजी के साथ कदम बढ़ाए हैं। जब हमारा देश आजाद हुआ था तो हमारे देश की 2 तिहाई आबादी भयंकर गरीबी के मकड़जाल में उलझी हुई थी। निरक्षरता का भी कलंक देश के माथे पर चस्पा था। बीते साढ़े सात दशकों में हमारे देश ने गरीबी के अभिशाप से काफी हद तक मुक्ति पा ली है और निरक्षरता का कलंक भी मिट चुका है। यही नहीं बल्कि भारत ने प्रगति के नित नए सोपान तय किए हैं। आज कृषि प्रधान देश भारत खाद्यान उत्पादन में न सिर्फ आत्मनिर्भर बन चुका है बल्कि अन्य देशों को भी खाद्यान निर्यात करने में सक्षम हो गया है। कृषि के साथ भारत का औद्योगिक विकास भी तीव्र गति से हो रहा है। भारत आज की तारीख में दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है। आगामी पांच वर्षों के भीतर भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। भारत अब दुनिया के विकसित देशों की सूची में शामिल होने की दहलीज पर पहुंच चुका है ।आज भारत न सिर्फ परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बन चुका है बल्कि चांद पर भी तिरंगा फहरा चुका है। अंतरिक्ष में भी भारत ने दुनिया को अपनी ताकत दिखा दी है। भारत ने 75 सालों में जो उपलब्धियां हासिल की है उसमें हमारी सेना, किसान, मजदूर, शिक्षक और वैज्ञानिकों सहित वे तमाम लोग बधाई के पात्र हैं। जिन्होंने भारत की गौरवगाथा गढ़ने में अग्रणी भूमिका निभाई है। निश्चित रूपसे आज भारत की गौरवगाथा पर गर्व करने का दिन है। यद्यपि हमने बेशूमार उपलब्धियां हासिल की हैं लेकिन आज भी हमारे सामने चुनौतियों का लंबा सिलसिला है। भारत जिस गति से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उसे मददे नजर रखकर हम यह कह सकते हैं कि आने वाला समय भारत का ही होगा और बहुत जल्द वह विश्वगुरु की भूमिका में नजर आएगा। भारत की बढ़ती ताकत का अंदाजा तो सारी दुनिया ने कोरोना काल में ही लगा लिया था। जब वैश्विक महामारी कोरोना ने तमाम विकसित देशों की अर्थव्यवस्था को तहस नहस करके रख दिया था तब भी भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रही। भारत ने रिकॉर्ड समय में कोरोना की वैक्सीन बना ली और दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान सफलतापूर्वक पूरा कर लिया। यही नहीं बल्कि कई अन्य देशों को भी कोरोना की वैक्सीन उपलब्ध कराकर पीड़ित मानवता की सेवा की मिसाल पेश की। आज पूरी दुनिया भारत की बढ़ती ताकत का लोहा मानने लगी है। हमारा देश इसी तरह विकास के नए आयाम गढ़ता रहे और निरंतर आगे बढ़ता रहे। इस मंगल कामना के साथ हम सभी भारतीयों को चाहिए की राष्ट्र के नवनिर्माण में हम सभी हर संभव योगदान करें। हम यह न सोचे की देश ने हमें क्या दिया है। बल्कि हम यह देखें की हम देश को क्या दे रहे हैं। देशभक्ति की भावना सिर्फ राष्ट्रीय दिन तक ही सीमित न रहे गण से तंत्र दूर न हो इसका भी देश के कर्णधारों को ख्याल रखना होगा । तभी गणतंत्र दिवस की सार्थकता सिद्ध हो पाएगी। दैनिक नवप्रदेश परिवार की ओर से सभी देशवासियों और कृपालु पाठकों को गणतंत्र पर्व की 75वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं।

तालिबानी सत्ता में लड़कियों की बढ़ती मुसीबत

नीरज मनजीत

मैं लड़की क्यों पैदा हुई ?

मैं लड़की क्यों पैदा हुई ?
काश मैं लड़का होती
,लड़की होने का कोई महत्व नहीं है।
चिल्लाओ और चिल्लाओ,
एक लड़की को क्यों पढ़ना चाहिए ?
एक लड़की को काम क्यों करना चाहिए ?
एक लड़की को आज़ाद क्यों रहना चाहिए ?

सीधे-सादे शब्दों में लिखी गई यह छोटी-सी कविता एक लड़की की रूह से निकली एक चीख़ है। उस लड़की के दिल से निकली दर्दभरी पुकार है, जिसके सपने कुचल दिए गए थे। यह कविता सितंबर 2021 को लिखी गई थी। अफ़ग़ानिस्तान में इसी साल अगस्त माह में तख़्ता पलट के बाद तालिबान की हुक़ूमत कायम हुई थी। अफ़ग़ानिस्तान के मावुद नगर में रहनेवाली 11 वीं की छात्रा फ़रीबा मोहेबी की इस कविता ने दुनियाभर के प्रबुद्धजनों को झकझोर कर रख दिया था। फ़रीबा मोहेबी को पता चला था कि तालिबान हुकूमत में स्कूल खुलने के बावजूद लड़कियां पढ़ने नहीं जा सकेंगी। इस ख़बर ने फ़रीबा के सारे सपने तोड़ दिए। वह इस क़दर टूट चुकी थी कि कमरे के खिड़की दरवाजे बंद कर फूट-फूट कर रोने लगी। उसकी इसी हताशा से यह कविता निकली 'Why was I born a girl'।

फ़रीबा की इस कविता को जब मावुद से 13 हजार किलोमीटर दूर अमेरिका के कैन्यन क्रेस्ट एकेडमी में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए दिखाया गया, तो अमेरिकी छात्राओं की आँखें नम हो गईं। कैन्यन क्रेस्ट एकेडमी की छात्राओं ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मावुद इंस्टिट्यूट की छात्राओं से बात की। इससे अफ़ग़ान छात्राओं को नई उम्मीद मिली। यह एकेडमी अब अफ़ग़ान छात्राओं को ऑनलाइन पढ़ा रही है। उस वक़्त मावुद के प्रिंसिपल नज़ीबुल्लाह युसेफी ने अमेरिकी छात्र-छात्राओं से कहा था-- ÷हम बहुत खुश हैं कि दुनिया में हम अकेले नहीं हैं। दुनिया के दूसरी तरफ़ कुछ खूबसूरत दिमाग हैं, जो हमारी चिंता करते हैं।÷ इस पढ़ाई ने 16 साल की फ़रीबा के सपनों को जैसे पंख लगा दिए थे। उसका कहना है--अमेरिकी छात्राओं ने हमें अपने लक्ष्य को पाने के लिए प्रेरित किया है। मेरे लक्ष्य बहुत बड़े हैं। मैं कवि और कैंसर रिसर्चर बनना चाहती हूं। एक अन्य छात्रा जाल्मा ने कहा कि तालिबान के लौटने के बाद हमारे चारों तरफ़ सिर्फ अंधेरा था, हमने उम्मीद खो दी थी। पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ने मुझमें हिम्मत पैदा की है। अब मैं जो चाहती हूँ, वो बनकर रहूंगी।'

हालांकि फ़रीबा और जाल्मा जैसी कई लड़कियाँ इस ऑनलाइन पढ़ाई का फ़ायदा उठा रही हैं, पर इस व्यवस्था की अपनी सीमाएँ हैं। यह सिस्टम पारंपरिक पढ़ाई की जगह नहीं ले सकता। पारंपरिक तरीके की पढ़ाई में शिक्षक और विद्यार्थी रूबरू होते हैं और पढ़ाई सीधे दिमाग़ में उतरती है। परीक्षाएं होती हैं और विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई आँकने का मौका मिलता है। आखिर में डिग्रियाँ दी जाती हैं और इन्हीं डिग्रियों के आधार पर नौकरियाँ मिलती हैं, कैरियर बनता है। फ़िलहाल अफ़ग़ान लड़कियाँ इस पारंपरिक पढ़ाई से पूरी तरह महरूम हैं। तालिबान सरकार के एक शिक्षा अधिकारी मंसूर अहमद का कहना है कि सरकार नियंत्रित मदरसों में शरिया कानून के तहत हर उम्र की लड़कियाँ पढ़ाई कर सकती हैं। ज़ाहिर है कि अफ़ग़ानिस्तान में मदरसों की तालीम के बाद उच्च शिक्षा के इलाके में लड़कियों के लिए कोई जगह नहीं है। पूरी दुनिया में अफ़ग़ानिस्तान एकलौता ऐसा देश है, जहाँ ऐसी पाबंदी लगाई गई है।

हालत यह है कि उन लड़कियों को भी आगे की पढ़ाई के लिए रोका जा रहा है, जो तालिबान के सत्ता में आने से पहले हायर सेकंडरी की पढ़ाई पूरी कर चुकी थीं। फ़ातिमा ऐसी ही लड़कियों में से एक है। फ़ातिमा ग्रैजुएशन कर चुकी है। 15 अगस्त, 2021 को तालिबान के सत्ता में आने के वक़्त से वह यूनिवर्सिटी एंट्रेंस की तैयारी कर रही थी। कुछ महीने पहले दुबई की एक यूनिवर्सिटी से स्कालरशिप मिली। स्कॉलरशिप मिलने बाद फ़ातिमा ने सोचा कि उसे अपना सपना पूरा करने के लिए एक नया रास्ता मिल गया है, मगर तालिबान सरकार ने उसे दुबई जाने से रोक दिया। तब से वह डिप्रेशन में है। वह कहती है कि उसे तालिबान से कोई उम्मीद नहीं है, क्योंकि वे न तो महिलाओं को अपनाते हैं और न उनका सम्मान करते हैं। वह दुनिया के प्रबुद्धजनों से अपील करती है कि इस मसले पर तालिबान सरकार पर दबाव डालें।

1996 के पहले अफ़ग़ानिस्तान में स्त्रियों को काफी आज़ादी मिली हुई थी। काबुल को कला और फैशन का एक केन्द्र माना जाता था और अफ़ग़ान स्त्रियाँ पूरी दुनिया में मुस्लिम स्त्रियों की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती प्रतीत हो रही थीं। 1996 में जैसे ही तालिबानियों ने सोवियत आर्मी को बाहर करके सत्ता संभाली, अफ़ग़ान स्त्रियों की मुसीबत का दौर शुरू हो गया। एक सरकारी फरमान के तजत औरतों को ऊँची एड़ी की चप्पलें और जूते पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। और तो और उनके जूते से निकलने वाली आवाज़ पर भी उन्हें सज़ा देने का प्रावधान कर दिया गया। उनके मेकअप करने और फ़ैशन वाले कपड़े पहनने पर भी रोक लगा दी गई। संयुक्त राष्ट्र संघ सहित बहुत से मुस्लिम देशों ने भी तालिबान से हालात में बदलाव लाने की अपील की है।

संवैधानिक भारत में लोकतंत्र और समावेशी विकास

डॉ. संजय शुक्ला

देश के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन और साफपेयजल मुहैया कराना उस देश के सरकार की सवैधानिक जवाबदेही है लेकिन भारत में यह संविधान के किताब में ही मौजूद है। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी जरूरतों की उपलब्धता में व्यापक असमानता है तथा यह अमीरी-गरीबी, शहरी-ग्रामीण और सरकारी व निजी क्षेत्रों के बीच बँटी हुई है। एक बड़ी आबादी को शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं उसकी आर्थिक हैसियत के बल पर मिल रही है फलस्वरूप समाज में विषमता की खा?ई लगातार बढ़ती जा रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़ते बोझ के कारण लोगों को अपनी संपत्ति बेचना या गिरवी रखना पड़ रहा है फलस्वरूप हर साल लाखों लोग गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं जिसका असर राजकोष पर पड़ता है। अलबत्ता उपरोक्त परिस्थितियां विकसित भारत के लक्ष्य पूर्ति में बाधक हैं लिहाजा सरकार और समाज को इस दिशा में गंभीर चिंतन करना होगा।बहरहाल देश की आजादी के लिए किए गए संघर्ष तथा शहादत का सम्मान और गणतंत्र दिवस के आयोजन की सार्थकता तब है जब देश के लोगों को राजनीतिक,सामाजिक और आर्थिक विकास के समान अवसर प्राप्त हों तथा उनके मौलिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित हो।

भारत आज अपना 75 वां गणतंत्र दिवस मनाने जा रहा है इस गणतंत्र दिवस की थीम भारत- लोकतंत्र की जननी और विकसित भारत रखा गया है। बिलाशक भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जो संविधान के ताने-बाने में गूंथा हुआ है। देश 15 अगस्त 1947 को ब्रिटिश हुकूमत से आजाद होकर स्वतंत्र राष्ट्र बन चुका था लेकिन इस राष्ट्र की सच्ची भावना 26 जनवरी 1950 को प्रकट हुई जब देश का संविधान लागू हुआ। दरअसल भारत लोकतांत्रिक नहीं बल्कि गणतांत्रिक लोकतंत्र वाला देश है जहां संविधान ही सर्वोपरि है। संविधान में भारत को एक लोकतांत्रिक, संप्रभु और गणतंत्र देश घोषित किया गया। साल 1976 में संविधान के 42 वें संशोधन के बाद संशोधित उद्देशिका ÷ हम भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 जनवरी 1949ई.को एतद् संविधान को अंगीकृत,अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। अलबत्ता यह प्रश्न जेहन में बार - बार कौंध रहा है कि क्या भारतीय संविधान 75 सालों बाद अपने उद्देशिका पर सफ्ल हो पा रहा है? क्या हमारा संविधान देश के नागरिकों को राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और धार्मिक समानता और स्वतंत्रता दे पा रहा है जो लोकतंत्र की बुनियाद है। अहम सवाल यह भी है कि क्या देशवासियों को वे सभी बुनियादी सुविधाएं मिल पा रही है जिसका उल्लेख संविधान की किताब में है? इन सवालों और अपेक्षाओं पर देश के नीति नियंताओं को आत्मावलोकन करना चाहिए। गौरतलब है कि आजादी के बाद संविधान सभा के सामने सबसे बड़ी चुनौती एक ऐसे संविधान निर्माण की थी जिसमें देश के हर नागरिक को राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और धार्मिक स्वतंत्रता और समानता का अधिकार मिल सके। एक ऐसे संविधान की जरूरत महसूस की गई जिसमें समाज का अंतिम व्यक्ति विकास की मुख्यधारा में शामिल हो सके। संवैधानिक अधिकारों का ही प्रतिफ्ल है कि लोगों को 18 साल आयु से मताधिकार प्राप्त है जिसके बलबूते वे लोकतंत्र के सर्वोच्च संस्थान लोकसभा से लेकर निचले पायदान पंचायत तक के लिए अपने प्रतिनिधि का चुनाव कर रहे हैं। आगामी गणतंत्र दिवस की थीम पर गौर करें तो देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था में अभी भी बहुत कुछ सुधार की जरूरत है। चुनाव को लोकतंत्र का आत्मा कहा गया है लेकिन देश में अभी भी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव दूर की कौड़ी है। विश्वगुरू बनने का दंभ भरने वाले देश की चुनावी राजनीति इक्कीसवीं सदी में भी धर्म और जाति पर निर्भर है जबकि शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी, बेरोजगारी, पर्यावरण प्रदूषण और

महंगाई जैसे करोड़ों भारतीयों से जुड़े बुनियादी मुद्दे पूरी तरह से हाशिये पर हैं।चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए सियासी दल मुफ्त की चुनावी रेवड़ियां बांट रहे हैं जिसका असर राजकोष पर पड़ता है फ्लस्वरूप शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास योजनाएं प्रभावित होती है। भारत युवा आबादी के लिहाज से दुनिया का सबसे युवा देश है लेकिन राजनीति में इनकी हिस्सेदारी बहुत ही कम है। संसद से लेकर राज्यों के विधानसभाओं पर गौर करें तो वहां युवाओं का प्रतिनिधित्व उम्रदराज लोगों की तुलना में न्यून है। दरअसल सियासी दलों में जारी परिवारवाद, धार्मिक कट्टरवाद और तुष्टिकरण, जातिवाद, क्षेत्रवाद, धनबल और बाहुबल के बढ़ते दखल के कारण आम युवा राजनीति के प्रति उदासीन हैं। गौरतलब है कि भारत एक तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाला देश है जो आने वाले समय में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए बेताब है लेकिन इसके लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था में युवाओं को शामिल होना होगा। यह सुखद है कि हालिया संसद ने विधायिका में आधी आबादी के प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए महिला आरक्षण विधेयक पारित कर दिया है। गणतंत्र दिवस के दूसरी थीम विकसित भारत पर गौर करें तो इसमें कोई शक नहीं कि भारत ने बीते दशकों में हर क्षेत्र में विकास के नये आयाम गढ़े हैं। आज भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, चिकित्सा, प्रबंधन, बैंकिंग, सूचना तकनीक, शिक्षा,कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में अगले पायदान पर है। भारत जैसे विशाल आबादी, कमजोर अर्थव्यवस्था तथा लचर स्वास्थ्य व्यवस्था वाले देश ने वैश्विक महामारी कोरोना की चुनौती से जिस तरह से निबटा है वह पश्चिमी विकसित देशों के लिए भी एक सीख है। इस वैश्विक महामारी के चलते जब पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था शीर्षासन पर थी तब भी भारत की आर्थिक स्थिति उसके कृषि और ग्रामीण विकास के बलबूते मजबूत बनी रही। इसके बावजूद अभी भी भारत को आर्थिक विकास की दिशा में गंभीर प्रयास करने की जरूरत है क्योंकि देश की एक बड़ी आबादी अभी भी विकास के मुख्यधारा से अलग है। किसी भी राष्ट्र के विकास में सबसे बड़े बाधक कारण वहां की बढ़ती जनसंख्या,गरीबी, बेरोजगारी और अशिक्षा होती है। स्वातंत्र्योत्तर भारत में सरकारों के सामने पहली प्राथमिकता देश के माथे पर लगे ÷गरीबी÷ के कलंक को धोने की रही है जिसके लिए सैकड़ों कल्याणकारी योजनाएं लागू किए गए। आंकड़ों के मुताबिक देश की बड़ी आबादी गरीबी के जाल से बाहर निकली है लेकिन इसमें भी विरोधाभास है। नीति आयोग के एक रिपोर्ट के अनुसार बीते नौ सालों के दौरान 24.8 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से मुक्त हुए हैं। दूसरी ओर संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में पिछले डेढ़ दशक में 41.5 करोड़ लोग गरीबी के जाल से बाहर निकले हैं। अलबत्ता इन आंकड़ों के इतर यह भी विचारणीय है कि देश की दो तिहाई आबादी अभी भी मुफ्त राशन पर निर्भर है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स के हालिया रिपोर्ट के मुताबिक अभी भी भारत भुखमरी के मोर्चे पर अपने से गरीब देशों की तुलना में खराब स्थिति में है। सोचनीय है सैकड़ों कल्याणकारी योजनाओं और कानूनों के बावजूद अभी भी मुल्क की बड़ी आबादी अशिक्षा, बीमारी, भुखमरी, कुपोषण, असमानता, सामाजिक,धार्मिक और जातिगत असहिष्णुता व भेदभाव, छुआछूत जैसे उन विसंगतियों का शिकार है जिसके निवारण के उपाय संविधान के पन्नों में मौजूद है। महिला सशक्तिकरण के नारे और दावे के बावजूद देश की आधी आबादी अभी भी हिंसा, प्रताड़ना, लैंगिक भेदभाव,अशिक्षा और सामाजिक रूढ़िवादी अन्याय का शिकार है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1930 में 26 जनवरी के दिन ही ब्रिटिश शासन के अंतर्गत भारत में पहली बार स्वराज दिवस मनाया गया था। 1931 में आज ही के दिन 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' के दौरान ब्रिटिश सरकार से बातचीत के लिए महात्मा गांधी रिहा किया गया था। 1931 में 26 जनवरी के दिन ही ऑस्ट्रिया और हंगरी ने 'शांति संधि' पर साइन किए थे। 1950 में आज ही के दिन भारत एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित हुआ और भारत का संविधान लागू हुआ था।1950 में 26 जनवरी के दिन ही स्वतंत्र भारत के पहले और अंतिम गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने त्यागपत्र दिया था और डॉ. राजेंद्र प्रसाद देश के पहले राष्ट्रपति बने थे। 1950 में आज ही के दिन उत्तर प्रदेश के सारनाथ स्थित अशोक स्तंभ के शेरों को राष्ट्रीय प्रतीक की मान्यता मिली थी।1963 में 26 जनवरी के दिन ही मोर के अद्भुत सौंदर्य के कारण भारत सरकार ने इसे राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया था।1972 में आज ही के दिन युद्ध में शहीद सैनिकों की याद में दिल्ली के इंडिया गेट पर राष्ट्रीय स्मारक 'अमर जवान ज्योति' की स्थापना की गई थी।

QUIZ TIME

1) द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कौन थे?

2) 1982 में पहला स्थायी कृत्रिम हृदय किसे लगाया गया था?

3) विश्व स्वास्थ्य संगठन की सभा की पहली महिला कौन थी?

4) लगातार छह बजट पेश करने वाला पहला भारतीय वित्त मंत्री कौन है?

5) नमदाफा उड़ने वाली गिलहरी (बिस्वमोयोप्टेरस बिस्वामी), 42 वर्षों तक लापता रहने के बाद कहा देखी गई है?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) विंस्टन चर्चिल (2) बार्नी क्लार्क (3) राजकुमारी अमृत कौर, भारत (1950) (4) मनमोहन सिंह (1991-1996) (5) अरुणाचल प्रदेश

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -315

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असम्मान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, बलर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

ऊपर से नीचे

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानदंड, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 314 का हल

भू	कं	प		फा	य	दा		स
प		ल	ला	ट		य	ती	म
ति	ल	क		क	न	क		झ
	क्ष				रे			
ग	ण	क		सं	श	य		सौ
ह		या	च	क		म	न्न	त
रा	क्ष	स		र	क्ष	क		न
	त्रि				मि			
शा	य	री		का	त	र		गो

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:19, सूर्यास्त : 05:59
चन्द्रोदय : 17:21

अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : पौष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : प्रतिपदा, नक्षत्र : पुष्य, योग : प्रीति, प्रथम करण : विष्टि (10:33 तक), द्वितीय करण : बव (23:23 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मकर, चंद्र : कर्क, मंगल : धनु (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : धनु (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : धनु (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:08 से 12:50, अमृत काल : 27:29 से 29:14, गुरुपुष्य योग : 08:16 से 31:11, सर्वार्थसिद्धि योग : पूरे दिन, अमृतसिद्धि योग : 08:16 से 31:11, रवियोग : 07:11 से 08:16, विजय मुहूर्त : 14:15 से 14:58, गोधूलि मुहूर्त : 17:44 से 18:11, सायाह्न सन्ध्या : 17:47 से 19:08, निशिता मुहूर्त : 24:02 से 24:56, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 07:11 से 08:31, होमाहुति : चन्द्र, दिशाशूल : दक्षिण, अग्निवास : आकाश, भद्रावास : मृत्यु (10:33 तक), चन्द्रवास : उत्तर।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन भी ग्रह स्थिति घर बाहर उथल पुथल कराएगी में आपको घरेलु मामलो में विशेष सावधानी बरतने की आयवश्यक रहेगी।

वृषः आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन पिछले कुछ दिनों से बेहतर रहेगा। कार्य क्षेत्र से अतिरिक्त आय होगी।

मिथुनः आज का दिन मिला-जुला रहेगा। सेहत लगभग सामान्य रहेगी।

कर्कः आपका आज का दिन मिश्रित फ्लदायी रहेगा। दिन के पहले भाग में आर्थिक दृष्टिकोण से संतुष्टि रहेगी।

सिंहः आज के दिन आप अधिक लापरवाह रहने के कारण हानि उठा सकते है। प्रातः काल से ही यात्रा पर्यटन की योजना बनेगी कार्य क्षेत्र पर अधिक ध्यान देने के बाद भी अल्प लाभ से संतोष करना पड़ेगा।

कन्याः रोजगार के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास आज फलीभूत होने से आर्थिक समस्याओं का समाधान होगा।

तुलाः आज आप कार्यो की भरमार रहने के कारण भ्रमित हो सकते है। आध्यात्म में रूचि होने पर भी समय नहीं दे पाएंगे।

वृश्चिकः आज का दिन भी अस्तव्यस्त रहने से मनोकामना अधूरी रह सकती है। मध्यान तक जोखिम वाले कार्यो से बचने का प्रयास करें अन्यथा परेशानी में पड़ सकते है।

धनुः आज दिन का पहला भाग आपकी आशाओं के विपरीत रहने वाला है। आय की अपेक्षा खर्च अधिक रहने से धन की कमी अनुभव होगी महत्त्वपूर्ण कार्य को लेकर कीसी से कर्ज लेने की नौबत भी आ सकती है।

मकरः आज दिन के पूर्वार्ध में आपको परिश्रम के अनुसार फ्ल ना मिलने से मानसिक पीड़ा हो सकती है।

कुंभः आज का दिन आंशिक शुभ रहेगा। पुरानी गलतियों या व्यवहार की कमी के कारण आज मन में ग्लानि रहेगी।

मीनः आज के दिन कार्य क्षेत्र पर व्यस्तता अधिक रहेगी हाथ में लिए अनुबंध समय पर पूर्ण नहीं करने के कारण आलोचना हो सकती है।

न्यूज गैलरी

खौलते पानी में गिरने से मासूम की मौत

अंबिकापुर/नवप्रदेश। नहाने के लिए रखे गए गर्म पानी में खेलते हुए एक चार वर्षीय बच्ची गिरकर झुलस गई और उसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बिहार के सिपौल निवासी दयानंद बिश्रामपुर के पास रहकर काम करता है। सोमवार को घर में नहाने के लिए पानी गर्म किया गया था। बाल्टी में रखा पानी ज्यादा गर्म था। इसी दौरान खेलते हुए दयानंद की चार वर्षीय पुत्री गर्म पानी में गिरकर झुलस गई। परिजन ने उसे पानी से निकालकर बिश्रामपुर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

चोरी की बाइक से घूमते दो गिरफ्तार

अंबिकापुर/नवप्रदेश। शहर के अजिरमा इलाके से करीब छह महीने पहले चोरी गई एक बाइक पुलिस ने जब्त कर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी नंबर प्लेट हटाकर चोरी की बाइक का उपयोग कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि पके गए आरोपियों में सनी मुखर्जी और बसंत तिर्की शामिल हैं। ये बुधवार को अजिरमा के गोरसी डबरा इलाके में चोरी की बाइक पर घूम रहे थे। इसी दौरान पेट्रोलिंग में निकली पुलिस को देखकर दोनों छिपने की कोशिश करने लगे। संदेह पर पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो बाइक चोरी की निकली। आरोपी करीब छह महीने पहले अजिरमा स्थित एक निजी हॉस्पिटल के सामने से बाइक चोरी कर लिए थे। बाइक गोरसीडबरा निवासी अमर कुजूर की थी।

कांग्रेस ने जारी किया 'रोजगार दो न्याय दो' पोस्टर

अंबिकापुर/नवप्रदेश। बुधवार को अम्बिकापुर ब्लॉक युवा कांग्रेस की विशेष बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में रोजगार दो न्याय दो का पोस्टर जारी किया गया। जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में आयोजित इस बैठक में युवा कांग्रेस के इस राष्ट्रव्यापी अभियान का पोस्टर जारी किया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के द्वारा पूर्व से पश्चिम के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा की जा रही है। इस न्याय यात्रा में देश में व्याप्त बेरोजगारी भी प्रमुख मुद्दा है। इसे ध्यान रखकर युवा कांग्रेस के द्वारा रोजगार दो न्याय दो का अभियान चलाया जा रहा है। बैठक में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

युवाओं को मिलेगा वाहन चालन का प्रशिक्षण

जशपुरनगर/नवप्रदेश। आदिम जाति व अनुसूचित जाति विकास आयुक्त छग रायपुर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार छग राज्य के गरीबी रेखा के नीचे आने वाले अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के युवकों को वाहन चालने का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाना है। इस क्रम में 18 से 35 आयु वर्ग के 8वीं उत्तीर्ण युवकों को वाहन चालक प्रशिक्षण योजना नियम के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्रदान कराया जाएगा। जिससे प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थी रोजगार हासिल कर सकेंगे। शर्तों के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के युवकों से आवेदन 30 जनवरी समय 5 बजे तक सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जशपुर के कार्यालय में रजिस्टर्ड पोस्ट या व्यक्तिगत उपस्थित हो कर जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन की निर्धारित प्रारूप कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है।

दुकान में घुसा चोर, चौकीदार के आते ही फरार

जशपुर/नवप्रदेश। शहर के भीतर मोबाइल दुकान में चोरी की घटना चौकीदार की सक्रियता से टल गई। बीते रात 2.30 बजे अंबिकापुर रोड स्थित मोबाइल दुकान का ताला तोकर चोर भीतर घुसा गया। बदमाश मोबाइल समेट रहा था। इसी दौरान चौकीदार करने वाला बहादुर मौके पर पहुंचा। उसने रात के सन्नाटे में मोबाइल दुकान के भीतर से कुछ आवाज सुनी और रुका। उसने शटर देखा तो ताला टूटा था। शटर उठाकर चौकीदार दुकान के भीतर घुसा तो चोर छिप गया। चौकीदार ने जब टार्च जलाकर मोबाइल दुकान के भीतर देखना शुरू किया तो भीतर से चोर निकला और चौकीदार को धक्का देकर भागने लगा। चौकीदार ने कुछ दूर तक चोर का पीछा भी किया, पर चोर भागने में सफल रहा। इसके बाद उसने घटना की सूचना पुलिस को देने का प्रयास किया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

सरपंच प्रतिनिधि से मारपीट, जुर्म दर्ज

रायगढ़/नवप्रदेश। कोसीर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत लेंधरा छोटे में बीती रात भजन मेला का समापन हुआ। इस दौरान कुछ लोगों के द्वारा झगा करने के बात सामने आई। इस पर मेला समिति के लोगों के द्वारा सरपंच प्रतिनिधि संतोष टंडन को करीब 10 बजे बुलाकर ले गए। घटना स्थल पर संतोष टंडन के पहुंचते ही मेला समिति के लोगों के द्वारा मारपीट शुरू कर दी गई। संतोष ने कोसीर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों ने मेला समिति के ऊपर उचित कार्रवाई नहीं होने पर घेराव व लेंधरा मार्ग पर चक्काजाम की चेतावनी दी है।

स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल

जशपुरनगर/नवप्रदेश। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। घटना बगीचा थाना क्षेत्र की है। पुलिस के अनुसार ग्राम ओडका निवासी आशीष राम ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह मंगलवार को अपने घर के काम से बाइक पर ग्राम सरबकोंबो गया था। गांव के फुलेश्वर और बामलेश्वर भी उसके साथ गए थे। बाइक बामलेश्वर की थी और वही चला रहा था। घटना शाम 7¬30 बजे की है। तीनों युवक बाइक पर अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में गुडरीकोना के पास सामने से आ रही स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे तीनों बाइक सवार सक पर गिर गए। प्रार्थी आशीष राम को सिर में चोटें आई हैं, जबकि अन्य दो युवकों का बायां पैर टूटा है।

गर्भवती माताओं को प्रसव पूर्व और पश्चात बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा

संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने पर बल

अंबिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोस्कर ने जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री भोस्कर ने बैठक में कहा कि हमारा मुख्य फोकस जिले में शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को कम करना है। आदिम जाति बाहुल्य क्षेत्र सरगुजा जिले में यह चुनौतीपूर्ण कार्य है। बेहतर कार्ययोजना एवं शासकीय योजनाओं के अच्छे क्रियान्वयन से सफलता मिल सकती है और जिले में बेहतर प्रगति दर्ज की जा सकती है। इसमें स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। नए वैवाहिक दम्पतियों की सूची बनाकर फैमिली प्लानिंग के सम्बंध में काउंसलिंग के बाद एनीमिक महिलाओं को चिन्हांकित कर पोषण आहार उपलब्ध कराने के साथ, गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच, आवश्यक दवाइयों, टीकाकरण आदि सुनिश्चित करें। हमें मुख्य रूप से शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव के लिए लोगों को प्रेरित करना होगा, इसमें मितानिन की भूमिका महत्वपूर्ण हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से पंचायत स्तर पर प्रारम्भ से ही गर्भवती महिला की जानकारी एकत्र कर उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान कर जागरूक करें एवं लगातार मॉनिटरिंग करें। इसके बाद शिशु के जन्म के समय रखी जाने वाली सावधानियां, देखभाल, नियमित टीकाकरण, पोषण आहार आदि से शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर में कमी आ सकती है। उन्होंने टीकाकरण के सम्बंध में जानकारी लेते हुए कहा कि, कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित ना रहे। आप

सब इस हेतु सजग हो जाएं, कार्ययोजना तैयार कर अभी से काम मे लगें।जब तक योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल पर नहीं होगा, स्थिती में सुधार होना नामुमकिन है, इसलिए अपना कार्य निष्ठा से करें। इसके साथ ही उन्होंने बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों की भी समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर श्री भोस्कर ने कहा कि लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच हमारी प्राथमिकता है। बैठक में वर्तमान में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, आमजनों तक सेवाओं की पहुंच, स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति, चिकित्सकों की उपलब्धता, चिकित्सकीय उपकरणों, दवाइयों की उपलब्धता सहित अन्य महत्वपूर्ण मानकों के सम्बंध में विस्तृत जानकारी ली गई। स्वास्थ्य कार्यक्रमों में जिले के परफॉर्मेंस को बेहतर बनाने तथा स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा मॉनिटरिंग व्यवस्था को मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं महिला बाल विकास विभाग की टीम आपस में समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं के कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए योजनाओं के संचालन में प्रगति लाने हेतु आवश्यक कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक 15 दिन में विकासखण्डवार प्रगति की समीक्षा करें। बैठक में नगर निगम आयुक्त अभिषेक सिंह, जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर, डिप्टी कलेक्टर पूजा बंसल, सीएमएचओ डॉ आर एन गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ जे के रेलवानी, डीपीएम पुष्पेंद्र, सभी बीएमओ, बीपीएम, बीईटीओ, मेडिकल ऑफिसर, महिला एवं बाल विकास के अधिकारी, मितानीन उपस्थित थे। इसके साथ ही यूनिसेफ, जपाईगो, संगवारी के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

बेटी की नौकरी के नाम पर व्यवसायी से 7 लाख ठगे

रायगढ़/नवप्रदेश। कोतरा रोड विकास नगर के व्यवसायी से बेटी की एनटीपीसी सीपत में नौकरी लगाने के नाम पर सात लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने धोखाधी का मामला दर्ज किया है। साइबर ठगी के साथ ही औद्योगिक जिले में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

व्यवसायी विजय कुमार गर्ग ने कोतवाली पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 2019 में घी चौक गायत्री मंदिर के नजदीक उनके ऑफिस में शिवदयाल तिवारी नामक व्यक्ति से परिचय हुआ। वह किसी काम के बहाने विजय से मिला।ि शवदयाल ने बताया कि वह एनटीपीसी सीपत के एचआर विभाग में काम करता है। उसने कहा कि कम्पनी के बे अधिकारियों से उसकी पहचान है। वह चाहे तो किसी की भी मैनेजमेंट कोटे से नौकरी लगवा सकता है। उसने अब तक कई लोगों की नौकरी लगवाई है। यह कहते हुए उसने व्यवसायी विजय से पूछा कि परिवार में कोई नौकरी करना चाहता हो तो बताना। विजय ने अपनी बेटी कोमल की नौकरी के लिए बात कही। शिवदयाल जब भी विजय से मिलने आता तो वह किसी न किसी को साथ लेकर आता। ये लोग अपनी नौकरी का पत्र दिखाते थे। शिवदयाल को रुपए देकर आभार भी जताते थे। यह सब देखकर विजय को उसके प्रभाव पर यकीन हो गया। उसने पुत्री की नौकरी के नाम पर दो लाख रुपए नकद और पांच लाख रुपए खातों से ट्रांसफर के जरिए दिए। मई से जुलाई के मध्य खाते से पांच लाख शिवदयाल के खाते में ट्रांसफर किए । नंदेली का संदीप चौधरी भी आखिरी बार उसके साथ ऑफिस आया था।

एमएलए कप 3 फरवरी से, ओडिशा, पंजाब की टीमें खेलेंगी

सारंगढ़। सारंगढ़ के साथ ही पोसी जिलों में होने वाली प्रमुख स्पर्धाओं में एक एमएलए कप एससीएल अंतरराज्यीय क्रिकेट स्पर्धा, सीजन 20 के पोस्टर का विमोचन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद दीपक बैज ने सारंगढ़ अग्रसेन भवन में किया। उनके साथ विधायक उत्तरी गणपत जांगड़े, बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, पूर्व सांसद राजा पुष्पा देवी सिंह, सोनी अजय बंजारे नगर पालिका अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण मालाकार की उपस्थिति में हुआ। अंतर राज्य स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा का भव्य शुभारंभ 3 फरवरी को होगा। स्पर्धा निरंतर 20 वर्षों से रियासत कालीन खेलभाटा स्टेडियम सारंगढ़ में होगी। इसमें आईपीएल खिलाड़ी भी हिस्सा लेते हैं और स्पर्धा की ईनामी राशि जो लाखों में है, वह इस स्पर्धा को और भी आकर्षक बनाती है।

सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में प्रदेश की बालिका टीम रही रनर अप

जांजगीर/नवप्रदेश। 67 वें स्कूल नेशनल सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता बीकानेर राजस्थान में आयोजित की गई थी, जिसमें छत्तीसग से बालिका टीम रनर अप रही और वहीं बालक टीम ने कांस्य पदक जीता। कोच मृत्युंजय शर्मा व प्रदीप यादव ने बताया राष्ट्रीय शालेय क्री प्रतियोगिता में देश की 17 राज्यों की टीम ने भाग लिया, जिसमें छत्तीसग की बालिका टीम ने अपने पूल में गुजरात को 10-0 से, बिहार को 10-0 से, हरियाणा को 13-1 से और चंडीग को 8-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची। क्वार्टर फाइनल में मुकाबला तेलंगाना के सार्दुल क्लब मे हुआ। छत्तीसगढ़ की टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से इस मैच को एकतरफा अंदाज में 10-0 से हराया और सेमीफाइनल में दिल्ली की टीम को 6-0 से हराकर फाइनल में पहुंची।

मेजबान राजस्थान के साथ हुए मैच में छत्तीसग शानदार खेल के बावजूद 10-9 से हार कर उपविजेता रही। छत्तीसगढ़ की टीम मे जांजगीर चांपा शिवरीनारायण की जिज्ञासा यादव, बस्तर की विमला तेलम, अनामिका, रिशिका बेमेतरा से प्रियंका पाटिल, भोली निषाद, तारणी यदु, रायपुर से मीनाक्षी और स्नेहा ने पूरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया।

भाजपा नेता अब कालाधन, महंगाई और बेरोजगारी पर नहीं बोलते- बैज

जांजगीर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के पास चुनाव के लिए मुद्दे नहीं है, इसलिए वह लोगों की भावनाओं से खेलकर चुनाव जीतना चाहती है। भगवान राम सबके आदर्श हैं, लेकिन कांग्रेस कभी राम का उपयोग नहीं करती।

भाजपा अब काला धन, महंगाई, बेरोजगारी, अच्छे दिनों के संबंध में कुछ नहीं बोलती। इन बातों को लेकर अब जनता के बीच जाने की उनकी हिम्मत नहीं है, इसलिए कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता अभी से लोक सभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। ये बातें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने अग्रसेन भवन में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। बैज ने केंद्र सरकार पर विदेशों से कर्ज लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश में इतना कर्ज ब गया है कि जन्म लेने वाला बच्चा भी तुरंत कर्ज़दार हो जा रहा है। भाजपा द्वारा लोकतंत्र को कमज़ोर किया जा रहा। उन्होंने भाजपा पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले किसानों का धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदने का वादा किया गया था, सरकार बनने के बाद कई बैठकें हो गई, लेकिन 31 रुपए क्विंटल में धान खरीदने का सर्कुलर तक जारी नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ बोलकर सरकार बना ली। 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया, 12 हजार रुपए महिलाओं को देने का वादा किया था, इसकी भाजपा चर्चा नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता केंद्र सरकार और राज्य सरकार की नाकामियों को लेकर लोगों के बीच जाएंगे, ताकि लोक सभा चुनाव में लोगों को भाजपा की कथनी करनी का पता चल सके। सम्मेलन को विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह, विधायक शेषराज हरवंश, विधायक ब्यास कश्यप ने भी संबोधित किया।

हरदीबाजार बायपास से होगा सफर आसान

कोरबा। हरदीबाजार बायपास रोड बनने पर सक पर उती धूल से निजात मिलेगी। साथ ही क्षेत्र के लोगों की आवाजाही आसान होगी। सक बदहाल होने के कारण आवाजाही में परेशानी हो रही है। बुधवार को कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने भूमिपूजन कर सक निर्माण कार्य शुरू कराया। दीपका-हरदीबाजार बायपास सक के निर्माण कार्य में 17 करो रुपए खर्च किए जाएंगे। एसईसीएल प्रबंधन ने कंपनी मुख्यालय से टेंडर जारी किया था। इसकी प्रक्रिया को पूरा करने के बाद कार्यादेश जारी कर दिया है। 180 दिनों में सक निर्माण का कार्य पूरा किया जाएगा। सक की लंबाई 4.8 किलोमीटर है। इस मार्ग से दीपका के स्कूलों में पने वाले छात्र-छात्राओं के अलावा जरूरी काम से निकले क्षेत्रवासी और खदान ड्यूटी जाने वाले एसईसीएल कर्मी आवाजाही करते हैं।

कथक में धारित्री और गायन में निखिलेश को मिला पहला इनाम

कोरबा/नवप्रदेश। आदर्श संगीत सांस्कृतिक समिति आदर्शनगर कुसमुंडा द्वारा आयोजित सुर संगीत समारोह में कथक नृत्य में प्रथम स्थान के लिए रायग की धारित्री चौहान व गायन में आदर्शनगर कुसमुंडा के निखिलेश टीकादार को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया, वहीं रंगबेल की लक्ष्मी कंवर, दर्री के प्रिंस श्रीवास संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार मिला। जिन्हें मुख्य अतिथि विधायक प्रेमचंद पटेल द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में शुभम ठाकुर खैरागढ़ राज के शास्त्रीय गायन, दीक्षा धनगर रायपुर और टोपराज पटेल चन्द्रनगर कोरबा के सुगम गायन का श्रोताओं ने खूब आनंद लिया। कार्यक्रम में देवेन्द्र श्रीवास, बिलासपुर व चांपा के देवेश कंवर के तबले की ताल पर श्रोताओं ने खूब तालियां बजाई। महेन्द्र मोंगरे, रायपुर के वायलिन और आदर्श नगर कुसमुंडा के अब्दुल गफ्फार के बांसुरी की धुन पर उपस्थित संगीत प्रेमी झूमते नजर आए। समारोह में अतिथि के रूप में विधायक पटेल के साथ सुधा शिंदे मौजूद थीं। राष्ट्रीय स्तर के खिलायिों एवं प्रतियोगिता में विजेता कलाकारों को विधायक पटेल, पार्षद शाहिद कुजुर, बसंत चन्द्रा ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सुधा शिंदे, कार्मिक प्रबंधक कुसमुंडा परियोजना ने लोकनृत्य की बालिकाओं जिन्होंने समूह नृत्य से सबका मन मोहा, उन सभी को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। समिति ने समाज सेवा में समर्पित 52 बार रक्तदान करने वाले राजेन्द्र साहू व महिला संवेदना समूह विकास नगर कुसमुंडा को स्मृति चिह्न भेंट किया। भारतीय संगीत संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और नवोदित कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से सुर संगीत समारोह के सफल आयोजन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों अमरजीत सिंह, बसंत चन्द्रा, श्रवण कुमार साहू आदि ने सहयोग किया।

आयोजन | राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यशाला में बालिकाओं को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया प्रोत्साहित

जिले का नाम रोशन करने वाली बालिकाएं सम्मानित

अंबिकापुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बुधवार को अंबिकापुर के राजमोहिनी भवन ऑडिटोरियम में जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह के मुख्य आतिथ्य में कार्यशाला का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर महिला बाल विकास तथा स्वास्थ्य समिति की अध्यक्ष सरला सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी जे आर प्रधान, यातायात प्रभारी विजय कुमार कैवर्त, अनिल सिंह मेजर, अम्बिकेश केसरी, कमलेश सहित स्थानीय जनप्रतिधि तथा जिले के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थी। कार्यशाला की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं राज्यगीत के साथ हुई। कार्यशाला में बेटी बचाओ, बेटी प?ाओ अभियान के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं बेटियों की शिक्षा की महत्ता के बताते हुए, बालिका सुरक्षा हेतु कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली महिलाओं को याद कर उपस्थित बालिकाओं को उनसे प्रेरणा लेकर समाज एवं देश की प्रगति में सहभागिता निभाने प्रेरित किया।

कार्यशाला में खेल, शिक्षा, समाज सेवा, स्वास्थ्य, सामाजिक उत्थान जैसे अन्य क्षेत्रों में विशेष कार्य कर जिले का नाम रोशन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें 10वी कक्षा में राज्य की मेरिट सूची में आठवां स्थान प्राप्त करने वाली स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय ब्रम्हपारा की छात्रा कु वंशिका गुप्ता, इंस्पायर अवार्ड योजना के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चयनित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कु आँचल तिग्गा, राष्ट्रीय स्तर पर कला उत्सव नाटक में चयनित कु पूजा राजवा?, प्रयास आवासीय विद्यालय में अध्ययन कर नीट में प्रवेश लेने वाली कु विद्या पैकरा, बास्केटबॉल में गोल्ड मेडलिस्ट जुबली मेमोरियल स्कूल की छात्रा कु इलसीबा तिर्की, गोल्फ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कु शिवानी सोनी एवं मेंहदी रंगोली विधा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रा कु शिखा पाण्डे को सम्मानित किया गया।

महिलाओं को अधिकारों के प्रति सजग बनाने युवा भूमिका निभाएं

सक्ती/नवप्रदेश। शासकीय क्रांति कुमार भारतीय कॉलेज सक्ती के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग सक्ती, यूनिसेफ़, वी द पीपल एवं निवेदिता फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आज राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के औपचारिक स्वागत के साथ प्रारंभ किया गया। स्वागत भाषण संस्था के प्राचार्य डॉ डी पी पाटले द्वारा दिया गया।

इस सम्मेलन में यूनिसेफ़ की ओर से ज़िला सलाहकार श्री तोषित चौहान ने समाज में महिलाओं और किशोरी लड़कियों के सशक्तिकरण और सुरक्षा में युवा का योगदान÷ कैसे हो सकता हैं इसके ऊपर अपनी

बात रखी। निवेदिता फाउंडेशन से संतन दास ने मुख्य रूप से युवाओं को समाज में महिलाओं के लिए उपलब्ध अधिकारों के बारे में शिक्षित किया और उन्हें प्रेरित किया कि वे अपने अधिकारों के लिए निर्भीक होकर अपनी बात रखे। प्रोफ़ेसर डॉ शंकुन्तला राज ने बालिका दिवस के महत्व को समझाते हुए अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। महिला एवं बाल विकास विभाग से सीडीपीओ श्याम कवर वारे जी ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ज़िले में चल रही योजनाओं के बारे में बताया। अंत में युवा बालिकाओं द्वारा अपनी सफलता की कहानी एवं संघर्ष के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन शपथ ग्रहण पश्चात हुआ, जिसमें कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने उपस्थित सभी को शपथ ग्रहण कराया कि वह समाज में महिलाओं और किशोरी लड़कियों के सशक्तिकरण और सुरक्षा में अपना योगदान देंगे एवं सभी के जीवन को समृद्ध बनाने का प्रयास निरंतर करेंगे।

न्यूज गैलरी

मंत्री केदार कश्यप नारायणपुर में फहराएंगे ध्वज

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिले में गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप होंगे। जिला स्तर पर बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में 75 वें गणतंत्र दिवस का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि द्वारा सुबह 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। 9.30 बजे हर्ष सूचक गुब्बारा छोड़कर जनता के नाम मुख्यमंत्री संदेश का वाचन करेंगे। 10 बजे मार्चपास्ट संपन्न होने के पश्चात दल के प्रभारियों के साथ परिचय प्राप्त कर फोटा सेशन होगा। 10.15 बजे मुख्य अतिथि द्वारा शहीद परिवारों का सम्मान किया जाएगा। 10.25 बजे स्कूल छात्रा छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विभाग द्वारा झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतिम में मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी एवं कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मार्चपास्ट एवं सांस्कृतिक दलों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

अधिकारी-कर्मचारियों ने ली मतदान की शपथ

कांकेर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने जिला कार्यालय परिसर में अधिकारी-कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा का पालन करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान करने एवं धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा व अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में भाग लेकर अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई। इस अवसर पर एसपी दिव्यांग पटेल, एसडीएम कांकेर मनीष साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

विधायक अजय चन्द्राकर करेंगे ध्वजारोहण

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी को स्थानीय डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के एकलव्य खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। विधायक कुरूद अजय चन्द्राकर द्वारा समारोह स्थल में बतौर मुख्य अतिथि सुबह नौ बजे ध्वजारोहण किया जाएगा और सुबह 9.02 बजे राष्ट्रगान होगा। इसके बाद 9.05 बजे राज्यगीत, 9.10 बजे परेड का निरीक्षण और 9.20 बजे मुख्य अतिथि द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा। सुबह 9.35 बजे हर्षफायर, 9.40 बजे गुब्बारा उड़ान, 9.45 बजे मार्चमास्ट, 9.50 बजे परेड एवं प्लाटून कमांडर से परिचय, स्वतंत्रता संग्राम सोनानी/परिजन से भेंट एवं शहीद परिवारों को शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा। सुबह 10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10.40 बजे विभिन्न विभागों की झांकी और 11.25 बजे विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों का सम्मान, प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार वितरण होगा। इसके साथ ही गणतंत्र दिवस समारोह का समापन होगा।

बोलेरो से 14 किलो गांजा बरामद

नगरी/नवप्रदेश। थाना बोराई पुलिस ने संदेह के आधार पर ओडिशा की ओर से आ रही बोलेरो की जांच की। इससे काले रंग में 14 किलो से ज्यादा गांजा बरामद की गई। उस पर सवार तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसकी कीमत 284000 रुपए बताई जा रही है।

नागेंद सिह पिता पुरषोत्तम सिंह (35) निवासी बुढ़हार, जिला शहडोल, दीपचंन्द चर्मकार पिता भागा दयाल (34) निवासी करूआताल, जिला शहडोल और विजय कुमार मिश्रा पिता रामचरण मिश्रा (28) निवासी परसिया जिला सतना निवासी को पकड़ा। एक सफेद रंग की बोलेरो कार कमांक स्क्क-18, व्क्क-1981 कीमती 5,00,000/-रु, जुमला किमती 7,84,000/-रू का होना पाया गया। उनके खिलाफ अपराध कमांक 03/24 धारा 20 (ख) एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत् कार्यवाही की गई। तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजी जा रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बोराई निरी.प्रमोद अमलतास,सउनि.देवराम सिन्हा,आर.युवराज साहू,प्रदीप देव,प्रमोद गहाड़े,जितेंद्र सोरी,कुबेर सिंह जुर्री कि सराहनीय भूमिका रही।

नगरी में कई स्थानों पर होगा ध्वजारोहण

नगरी/नवप्रदेश। जीनियस पब्लिक स्कूल नगरी में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में ध्वजारोहण किया जाएगा। इस दौरान पीटी, मार्च पास्ट, उद्बोधन सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि होंगे। नगर पंचायत में अध्यक्ष उपाध्यक्ष सुबह 7 बजे शहीद स्मारक भवन में पार्षदों की उपस्थिति में शहीदों को माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया जाएगा।

सीएम ने प्रधानआरक्षक थानसिंह और आरक्षक विरेन्द्र को किया पुरस्कृत

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) छत्तीसगढ़ द्वारा फिल्म महोत्सव 2023 में सड़क सुरक्षा जन जागरूकता के लिये आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा लघु फिल्म महोत्सव में फिल्म एक डॉक्यूमेंट्री, प्रयोगात्मक,कथात्मक, काल्पनिक, गैर कॉल्पनिक या एनीमेशन के तौर पर सहभागिता हेतु देशभर से दो श्रेणियों में लघु फिल्म (1) छत्तीसगढी भाषा (2) अन्य भारतीय भाषा में निर्माताओं को आमंत्रित किया गया था, अलग अलग श्रेणियों में पुरस्कार भी पुलिस मुख्यालय सड़क सुरक्षा के द्वारा रखा गया था। जिसका मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा रायपुर मेंडिकल कॉजेज स्थित ऑडिटोरियम में शुभारंभ किया गया। इस मौके पर राज्य भर से जिले के यातायात शाखाओं में कार्यरत कर्मचारियों जो सड़क सुरक्षा जागरूकता, उत्कृष्ट, अन्य कार्य सहित सड़क दुर्घटना में पीड़ितों की सहायता एवं घायलों को त्वरित अस्पताल पहुंचाने के संबंध में अपनी सराहनीय सहभागिता देने वाले कर्मचारियों में जिला दंतेवाड़ा से प्र.आर. 808 थानसिंह देशमुख, आरक्षक चालक 119 विरेन्द्र कुमार वर्मा को मुख्यमंत्री ने पुरस्कृत किया। दन्तेवाड़ा पुलिस के लिए यह गर्व का विषय है। इस अवसर पर जिले के पुलिस अधीक्षक गौरव राय (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.के. बर्मन तथा यातायात के पर्यवेक्षण अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक के.के. चन्द्राकर एवं यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षण सुशील नौटियाल के द्वारा पुरस्कृत कर्मचारियों को बधाई दी गई।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कलेक्टर, एसपी ने नए मतदाताओं को दिलाई शपथ

- नये मतदाताओं को बैच लगाकर किया गया सम्मानित

नारायणपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक पुश्कर शर्मा ने गुरुवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में उपस्थित मतदाताओं को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई और नवीन मतदाताओं को प्रतीकात्मक रूप से बैच लगाकर सम्मानित किया।

पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने इस मौके पर नए मतदाताओं का स्वागत करते हुए कहा कि देश के जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करने का संकल्प लें। इसका अर्थ यह भी है कि युवा मतदाता अब महान लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अंग के रूप में शामिल होकर अपना अधिकार एवं कर्तव्य का निर्वहन सही रूप में करें। वे न केवल स्वयं मतदान करें बल्कि विशेष पहल करते हुए अन्य मतदाताओं को भी प्रेरित कर शतप्रतिशत मतदाताओं को मतदान करने के सहयोग करें।

इस अवसर पर कलेक्टर बिपिन मांझी ने कहा कि नये मतदाताओं का यह लोकतांत्रिक व्यवस्था में पहला कदम होगा। उन्होंने दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा घर पर ही मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वोटर लिस्ट में नाम दर्ज होने के साथ ही लोकतंत्र में उन्हें सक्रिय रूप से भाग लेने की पात्रता हो जाती है। इसे गंभीरता से लेते हुए बेहतर समाज के निर्माण हेतु मतदान प्रक्रिया मे भाग लेवें।

झांझ-मंजीरा बजाते निकली युवाओं की टोलिया

नगरी/नवप्रदेश। छेरछेरा माई कोठी के धान ला हेर हेरा' यह आवाज छेरछेरा पर्व पर गुरुवार को ग्रामीण अंचलों में गूंजा। मांदर-ढोलक और झांझ-मंजीरा लिए जब नाचते-गाते, डंडा के ताल के साथ कुहकी पारते (लोकनृत्य में यह एक शैली है ताल के साथ मुंह से आवाज निकालने की इसे ही कुहकी पारना कहते हैं) युवाओं की टोली निकलती थी तो लोग उन्हें दान देने के लिए अपनी बारी की प्रतीक्षा करते थे। छेरछेरा का असली रूप और असली मजा ऐसा ही होता था, जो अब कम ही देखने को मिलता है,पर इस वर्ष बच्चों में ख़ासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

छेरछेरा कोठी के धान ला हेरते हेरा, अरन बरन कोदो बरन जभे देबे तभे टरन से गूंजा लखनपुर

- धूमधाम से मनाया गया छेरछेरा पुन्नी

लखनपुर/सरगुजा/नवप्रदेश। अन्नदान और सामाजिक समरसता का पर्व छेरछेरा नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में गुरुवार 25 जनवरी को धूमधाम के साथ मनाया गया। लोक पर्व छेरछेरा पौष मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। अच्छी फसल की पैदावारी को लेकर किसान वर्ग इस त्योहार को उत्सव के रूप में मनाते हैं। दरअसल छेरछेरा त्योहार अन्न दान की परंपरा से जुड़ा हुआ है। नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में सबेरे से बच्चे टोली बनाकर यह कहते हुए --छेरछेरा कोठी के धान ला हेर हेरा। छेरछेरा मांगने अपने आस-पड़ोस के घरों में पहुंचे। जहां बस्ती बसाहट के लोगों ने बच्चों को अन्न दान देकर संतुष्ट किया। छेरछेरा (छेरता)इसे बच्चों का त्योहार भी कहा जाता है। साल में एक बार कृषक वर्ग के बच्चे घर घर जाकर छेरछेरा मांगते हैं। हालांकि बड़े बुजुर्ग महिला युवा सभी वर्ग के लोग छेरछेरा मांगने एक दूसरे के घरों में पहुंचते हैं। इस दिन झील सरोवर किनारे पिकनिक मनाने लोक नृत्य लोकड़ी नाचने की भी परिपाटी रही है। छेरछेरा मांगने पश्चात देर शाम को युवा वर्ग के लड़के लड़कियां उम्र दराज लोग पड़ोस के घरों में जाकर लोकड़ी नाचते हैं

स्वीकृत और निर्माणाधीन सड़कों, पुल-पुलियों को समय-सीमा में करें पूर्ण

- कलेक्टर अधिकारियों को दिए निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह तथा पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल की उपस्थिति में लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, सेतु निर्माण तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। उन्होंने निर्माण कार्यवार समीक्षा करते हुए स्वीकृत एवं निर्माणाधीन सड़क एवं पुल-पुलियों को समय-सीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग के अधूरी सड़कों तथा पुल-पुलियों के निर्माण में तेजी लाने के साथ अंधे मोड़ वाले स्थलों में आवश्यकतानुसार उचित रौशनी लगाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि स्वीकृति प्राप्त सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्यों जो अब तक प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन्हें शीघ्र प्रारंभ कर निर्माण कार्य पूर्ण कराने तथा कांकेर से देवरी मार्ग को गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी उपस्थित थे।

नक्सल मोर्चों में शहीद होने वाले 90 जवानों के परिजनों का होगा सम्मान

- सांसद मंडावी करेंगे कांकेर में ध्वजारोहण

कांकेर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय समारोह का भव्य आयोजन नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में किया जाएगा। जहां मुख्य अतिथि सांसद कांकेर मोहन मंडावी द्वारा राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न नक्सल मोर्चों में अपने प्राणों की आहुति देने वाले 90 वीर शहीद जवानों के परिजनों का सम्मान उनके द्वारा शॉल एवं श्रीफल भेंट कर किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम सिंगारभाट के शहीद बृजलाल कैमरो की पत्नी श्रीमती ललिता कैमरो और आशाराम दुग्गा की पुत्री शांता दुग्गा को सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार ग्राम कोदाभाट के शहीद जयसिंह नेताम की पत्नी श्रीमती उर्मिला नेताम, एम.जी.वार्ड कांकेर के सगराम सलाम की पत्नी श्रीमती बीनू सलाम, ईमलीपारा कांकेर तुलसीराम कोर्राम की पत्नी श्रीमती राधा कोर्राम, एम.जी.वार्ड भट्टीपारा के वासुदेव ध्रुव की पत्नी श्रीमती इंदुलता ध्रुव, श्रीरामनगर कांकेर के राजेन्द्र सिंह परिहार की पत्नी श्रीमती रंभा परिहार, बरदेभाठा के बी.एस. नेताम की पत्नी श्रीमती धीरज नेताम, ग्राम कोकोड़ी के राजेन्द्र जुर्री की पत्नी श्रीमती राजेश्वरी जुर्री, एमजी वार्ड कांकेर के शिवलोचन साहू की पत्नी श्रीमती कलावती साहू, श्रीरामनगर कांकेर के रामलाल श्रीवास की पत्नी प्रेमलता श्रीवास, अलबेलापारा कांकेर के राजेन्द्र नाविक की पत्नी श्रीमती आशा नाविक, टिकरापारा कांकेर के रमेश साहू की पत्नी श्रीमती जागेश्वरी साहू, अलबेलापारा कांकेर के मुरलीधर सिन्हा की पत्नी श्रीमती मीना सिन्हा, सिविल लाईन कांकेर के भूषण मंडावी पत्नी कुंज मंडावी, लट्टीपारा कांकेर के श्रीराम कोर्राम की पत्नी श्रीमती जानकी कोर्राम, संजय नगर कांकेर चन्द्रभान मिश्रा पत्नी भुल्लनदेवी मिश्रा, ग्राम गढ़पिछवाड़ी के अशोक पोटाई पत्नी श्रीमती जैना पोटाई, पुसवाड़ा से कपिल नेताम की माता श्रीमती सुगन नेताम, ग्राम गोविन्दपुर के शिवकुमार मंडावी पत्नी श्रीमती सिरमो मंडावी और सुरेन्द्र ठाकुर की पत्नी श्रीमती रूखमणी ठाकुर, ग्राम नांदनमारा से दिलीप कुमार सिन्हा पत्नी श्रीमती सुशीला सिन्हा, एकता नगर कांकेर से कन्हैयालाल पत्नी श्रीमती बिंदिया कुंजाम को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।

इसी तरह ग्राम कोकपुर से मिलऊराम तेता की पत्नी श्रीमती कुन्ती तेता और दौलतराम मंडावी की माता श्रीमती बत्तीबाई मंडावी, ग्राम बारदेवरी से अंतुराम पटेल की

पत्नी श्रीमती अनिता पटेल, ग्राम मललडोबरी के महिपाल चौहान पत्नी श्रीमती अरूणा चौहान, अलबेलापारा कांकेर के दिलीप कोमरे की पत्नी श्रीमती कृष्णा कोमरे, गोविन्दपुर के डी.आर. जुर्री की पत्नी श्रीमती गोदावरी, ग्राम सिदेसर से भास्कर प्रसाद साहू के पिता श्री शम्भू प्रसाद साहू, ग्राम भीरावाही खपरापारा से रोमचंद कश्यप की पत्नी जागेश्वरी कश्यप, ग्राम बाबूसाल्हेटोला के राजकुमार मरकाम की पत्नी श्रीमती राधा मरकाम, ग्राम करप से संजय मंडावी के पिता कुबल सिंह मंडावी, जवाहर वार्ड कांकेर के पवन बघेल की पत्नी श्रीमती देवकी बघेल, बरदेभाटा के हिन्छा राम निषाद की पत्नी श्रीमती श्यामबाई निषाद तथा मोहित पटेल की पत्नी सताय पटेल, झुनियापारा कांकेर के रामकुमार यादव के पिता शिवलाल यादव, ग्राम बाबूसाल्हेटोला के राजेश कोमरा के पिता श्री प्रताप सिंह कोमरा, सिंगारभाट के नंद किशोर सोरी पत्नी सुनिता सोरी, शिवनगर कांकेर के छगन कुलदीप की पत्नी श्रीमती दीपलता कुलदीप, डंवरखार के हेमंत पोया की पत्नी श्रीमती डिकेश्वरी पोया, ग्राम कापसपोटी भिरौद के जयलाल नेताम की पत्नी श्रीमती सैती बाई, ग्राम रतेसरा के रोहित कुमार शोरी की पत्नी श्रीमती संतोषी शोरी और अलबेलापारा कांकेर के जगतराम कंवर की पत्नी श्रीमती कुमारी बाई को सम्मानित किया जाएगा।

इसी प्रकार चारामा थाना अंतर्गत ग्राम खरथा के शहीद अमित कुमार नेताम के पिता श्री हरे सिंह नेताम, ग्राम उड़कुड़ा के मनबहल मंडावी पत्नी श्रीमती रूसमा मंडावी, ग्राम डोकला के शोभाराम नेताम की पत्नी श्रीमती उमादेवी, ग्राम गोलकुम्हड़ा से दिनेश कुमार जुर्री के पिता सुखचरण जुर्री, जैसाकर्रा के विष्णुराम जुर्री की पत्नी श्रीमती अनिता जुर्री, ग्राम चुचरूंगपुर के अनिल कुमार कोमरे की माता श्रीमती जानकी बाई, ग्राम सिरसिदा से लक्ष्मीनारायण ध्रुव के पिता रजनू राम ध्रुव, लखनपुरी के धनेश्वर राम मंडावी की पत्नी श्रीमती प्रभा मंडावी, ग्राम कोसरोण्डा के अलीराम उसेण्डी की पत्नी श्रीमती मंगलदई, ग्राम चिनौरी के सालिक राम सिन्हा की पत्नी श्रीमती पर्वती सिन्हा, लखनपुरी के राजेन्द्र राम साहू पत्नी उर्मिला साहू, ग्राम दरगहन के हेमंत दास मानिकपुरी के पिता सुखदास मानिकपुरी और पण्डरीपानी के रमेश जुर्री की पत्नी श्रीमती सुनीता जुर्री का सम्मान किया जाएगा।

नरहरपुर थाना अंतर्गत ग्राम थानाबोड़ी के शहीद डी.एन. नागवंशी की पत्नी कमला नागवंशी, नरहरपुर के हीरासिंह निषाद की पत्नी श्रीमती वरिता निषाद, ग्राम सोनपुर के भरत कोड़ोपी की पत्नी श्रीमती पदमा कोड़ोपी, श्रीगुहान के सूर्यपाल वट्टी की पत्नी श्रीमती अमिला वट्टी, उमरादाह के यनेश्वर सलाम के पिता श्री मानसिंह सलाम, ग्राम कुसुमपानी के देवसिंह कोर्राम की पुत्री लक्ष्मी, ग्राम चॉवड़ के सेवक राम सलाम की पत्नी चिन्तेश्वरी सलाम तथा दुधावा चौकी अंतर्गत ग्राम साईमुण्डा के राजेश मरकाम के माता-पिता फूलसिंह मरकाम और श्रीमती फूलबती, ग्राम मावलीपारा के रूपधर शोरी की पत्नी श्रीमती जागेश्वरी तथा पुष्पराज नागवंशी की माता कुन्तीबाई, ग्राम देवडोंगर के हरीशचन्द्र मरकाम पिता बृजलाल मरकाम एवं हल्बा चौकी अंतर्गत ग्राम डुमरपानी के संत कुमार नेताम की माता श्रीमती भागाबाई, ग्राम डोड़कावाही के लेखराम बघेल पिता महरूराम बघेल, ग्राम हल्बा के हरनारायण ठाकुर माता श्रीमती श्यामाबाई, गितपहर के प्रधान आरक्षक की पत्नी श्रीमती पीयुषा नेताम को सम्मानित किया जाएगा।

इसी प्रकार थाना कोरर अंतर्गत ग्राम कोरर के शहीद कौशल किशोर तिवारी की माता श्रीमती गंगोत्री तिवारी, ग्राम पंडरीपानी के तामेश्वर सिन्हा की पत्नी रूखमणी, ग्राम चिल्हाटी के श्यामलाल गावड़े के पिता सोमधर गावड़े, ग्राम परसोदा के धनेश राम साहू के बड़े भाई गणेश राम साहू और ग्राम दबेना के यशवंत साहू पिता सेवक राम साहू तथा भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम बोगर के विष्णुराम लेड़िया के माता श्रीमती खोरिन बाई, भानुप्रतापपुर के शहीद अंजोर सिंह यादव पत्नी श्रीमती डिलेश्वरी यादव, ग्राम दाबकट्टा के सेवाराम सलाम पत्नी श्रीमती सुचिता, घोटिया के देवप्रसाद दर्रो की पत्नी श्रीमती प्रेमलता दर्रो, कन्हारगांव के चन्द्रकुमार मरकाम के आश्रित श्रीमती गीता मरकाम, बाड़ाटोला के बिदे सिंह नरेटी की पत्नी श्रीमती सियावती, ग्राम चवेला के सालिक राम मरकाम के आश्रित श्रीमती यशोदा मरकाम तथा अंतागढ़ थाना अंतर्गत अंतागढ़ के राजेश पवार के माता-पिता अंकालू राम पवार एवं श्रीमती मीता पवार, ग्राम बुलावण्ड के मोहन सिंह उइके की पत्नी श्रीमती आरती उईके, ग्राम पोड़गांव के देवकरण देहारी के पिता विजय सिंह देहारी एवं कोयलीबेड़ा थानांतर्गत कोयलीबेड़ा के बैजूराम पोटाई की पत्नी जगोतिन पोटाई तथा पखांजूर के डो्न्डे निवासी पतिराम नेताम की पत्नी श्रीमती शांति देवी और ग्राम परतापुर के सुकलूराम दुग्गा की पत्नी श्रीमती शांतिबाई का 26 जनवरी को मुख्य अतिथि के द्वारा शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष

पीएम मोदी-मैक्रों ने ...
के सामने चाय भी। इस बीच मैक्रों और मोदी जंतर-मंतर पर बने सम्राट यंत्र को देखने पहुंचे। यह जंतर-मंतर पर सबसे बड़ा यंत्र है। इसकी ऊंचाई 90 फीट है। इसके बाद रामबाग होटल में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय चर्चा हुई। समाचार लिखे जाने तक चर्चा जारी थी। मैक्रों का देर रात में दिल्ली के लिए रवाना होने का कार्यक्रम प्रस्तावित था।

पीएम मोदी-मैक्रों ने जयपुर में किया रोड शो

जयपुर (एजेंसी)। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 2 दिन के राजकीय दौरे पर भारत आए हैं। गुरूवार को मैक्रों पेरिस से दिल्ली न जाकर सीधे जयपुर पहुंचे। यहां आमेर किले पर उनका राजस्थानी तौर-तरीकों से स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जयपुर के जंतर-मंतर पर पहुंचे। यहां उन्होंने मैक्रों को रिसीव किया। दोनों नेताओं ने एक-दूसरे को गले लगाया। फिर दोनों नेताओं ने त्रिपोलिया गेट से रोड शो शुरू किया जो सांगानेरी गेट पर खत्म हुआ। इस बीच दोनों नेताओं ने बड़ी चौपड़ में हवा महल के सामने चाय भी। इस बीच मैक्रों और मोदी जंतर-मंतर पर बने सम्राट यंत्र को देखने पहुंचे। यह जंतर-मंतर पर सबसे बड़ा यंत्र है। इसकी ऊंचाई 90 फीट है। इसके बाद रामबाग होटल में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय चर्चा हुई। समाचार लिखे जाने तक चर्चा जारी थी। मैक्रों का देर रात में दिल्ली के लिए रवाना होने का कार्यक्रम प्रस्तावित था।

राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कृत ...
महत्वपूर्ण हितधारकों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले को चुनाव के दौरान अच्छा काम करने के लिए बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। वहीं चुनाव के दौरान बेस्ट इलेक्शन मैनेजमेंट के लिए तत्कालीन दंतेवाड़ा कलेक्टर विनीत नंदनवार को भी राष्ट्रपति के हाथों अवॉर्ड मिला। राष्ट्रपति ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा, हमारे लोकतंत्र की विशालता और विविधता हमारे लिए गर्व की बात है और इसकी गौरवशाली यात्रा में चुनाव आयोग की अहम भूमिका रही है।

अमृत काल के प्रारंभिक ...
के सबसे महान पक्षकारों में से एक थे जिन्होंने अपना सारा जीवन उनके कल्याण के लिए समर्पित कर दिया था। उनका जीवन एक संदेश था। अपने योगदान से सार्वजनिक जीवन को समृद्ध बनाने के लिए मैं कर्पूरी जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। हमारा देश स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ते हुए अमृत काल के प्रारंभिक दौर से गुजर रहा है। यह एक युगांतरकारी परिवर्तन का कालखंड है। ।

इन अधिकारियों को ...
नीलम नामदेव एक्का : सचिव, गृह एवं जेल विभाग

अंकित आनंद : सचिव, बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग।

अमित कुमार : बिलासपुर नगर निगम के आयुक्त बनाए गए हैं।

अभिषेक कुमार : जशपुर जिला पंचायत सीईओ की जिम्मेदारी दी गई है।

सुरुचि सिंह : राजनांदगांव जिला पंचायत सीईओ का प्रभार दिया गया है।

हेमंत नरेश नंदनंदनवार : बीजापुर जिला पंचायत सीईओ के पद पर पदस्थ।

रोमा श्रीवास्तव : धमतरी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी।

आकांक्षा शिक्षा खलखो : नारायणपुर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाई गई हैं।

संबित मिश्रा : कोरबा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बनाए गए हैं।

प्रकाश सिंह राजपूत : अंबिकापुर नगर निगम के आयुक्त बनाए गए हैं।

पोषण चंद्राकर : बीज निगम के प्रबंध संचालक बनाए गए।

देवेंद्र भारद्वाज : आवास एवं पर्यावरण विभाग के विशेष सचिव के साथ नापतौल विभाग के नियंत्रक की अतिरिक्त जिम्मेदारी।

विमला नावरिया : संयुक्त सचिव मत्स्य पालन विभाग की अतिरिक्त जिम्मा।

छग में अब बुलडोजर...
बनी एक मंजिला दुकान पर बुलडोजर चलाना शुरू कर दिया। इससे मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। कार्रवाई के दौरान एसएसपी अभिषेक पल्लव भी मौके पर मौजूद रहे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के भयमुक्त शासन देने के वादे तथा अपराध के प्रति जीरो टालरेंस की नीति पर चलते हुए प्रदेश में आपराधिक गतिविधियों में लगे लोगों और गैरकानूनी कार्यों में लगे अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

गृह विभाग को कानून व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश : छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गृह विभाग के अधिकारियों को कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को बेहतर रखने सख्त मानिटरिंग के निर्देश दिये थे।

20 जनवरी को हुई ...
तरह से सख्त हो ताकि असामाजिक तत्वों के लिए कड़ा संदेश जाए। जिस पर गुरूवार को प्रशासन ने साधराम के हत्या के आरोपी अयाज खान के कवर्धा में वार्ड 18 में किये गये अवैध कब्जे को आज जमींदोज कर दिया।

सामाजिक न्याय के पर्याय ...
केन्द्र सरकार पर दबाव बनाया जब यूपीए सरकार में लालू यादव की तूती बोला करती थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही है जिन्होंने सुपात्रों को सम्मानित करने की नई परंपरा का सूत्रपात किया है। दलगत भावना से ऊपर उठकर उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी से लेकर स्व. कर्पूरी ठाकुर जैसे सुपात्रों को सर्वोच्च सम्मान दिया है। कर्पूरी ठाकुर, राम मनोहर लोहिया और जय प्रकाश नारायण जैसे मूर्धन्य नेताओं को क्षेत्रीय राजनीतिक दल वोट बैंक का ही साधन मानती रही है। उन्हें अपना आदर्श बताते रहे लेकिन उनके दिखाये रास्ते पर नहीं चले। अन्यथा बिहार आज बदहाल नहीं होता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न सिर्फ महापुरूषों का सम्मान कर रहे हैं बल्कि उनके आदर्शों को आत्मसात कर वंचित वर्ग के उत्थान के लिए भागीरथ प्रयास भी कर रहे है।

अंत में प्रसंगवश याद आती है स्व.कर्पूरी ठाकुर पर लिखी ये पंक्तियां-

वो आदमी जो भीड़ से घिरा है
वह लोगों की नजर में सिरफिरा है।
दरअसल वो आदमी जो हाथों में
नींव की ईट और आंखों में
कल के सपने लिए तेज कदमों से आगे बढ़ा हैं
कई बार तारीख के पन्नों पर बेवजह ही सूली पर चढ़ा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
गजेन्द्र मानसर
भाजपा युवा
नेता कोरबा

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...

रेशम विभाग, कोरबा

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...

खनिज विभाग, जिला कोरबा

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...

परिवहन विभाग, जिला-कोरबा

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
संतोष अग्रवाल
कुदमुरा

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
संतोष राठौर
अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी
कोरबा व पार्षद वार्ड क्रमांक-1

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
वन परिक्षेत्र अधिकारी
लेमरू
वनमंडल कोरबा

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
वनमण्डल कोरबा, जिला कोरबा

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

वन मंडल अधिकारी/
उप वन मंडल अधिकारी

कोरिया वन मंडल बैकुंठपुर

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

वन परिक्षेत्र अधिकारी

सोनहत कोरिया वन मंडल बैकुंठपुर

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

वन परिक्षेत्र अधिकारी

देवगढ़ कोरिया वन मंडल बैकुंठपुर

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

वन परिक्षेत्र अधिकारी
मनेन्द्रगढ़

मनेन्द्रगढ़ वन मंडल जिला एमसीबी

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

वन परिक्षेत्र अधिकारी
बिहारपुर

मनेन्द्रगढ़ वन मंडल जिला एमसीबी

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

वन परिक्षेत्र अधिकारी
जनकपुर

मनेन्द्रगढ़ वन मंडल जिला एमसीबी

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

वन परिक्षेत्र अधिकारी
बहरासी

मनेन्द्रगढ़ वन मंडल जिला एमसीबी

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

वन परिक्षेत्र अधिकारी
कुवारपुर

मनेन्द्रगढ़ वन मंडल जिला एमसीबी

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

वन मंडल अधिकारी/ उप वन
मंडल अधिकारी

मनेन्द्रगढ़ वन मंडल जिला एमसीबी

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

पार्क वन परिक्षेत्र अधिकारी
जनकपुर

गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान बैकुंठपुर

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

पार्क वन परिक्षेत्र अधिकारी
सोनहत

गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान बैकुंठपुर

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

पार्क वन परिक्षेत्र अधिकारी
रेहंद

गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान बैकुंठपुर

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

संचालक / उप संचालक
गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान
बैकुंठपुर,जिला कोरिया

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन विभाग बैकुंठपुर
जिला कोरिया

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग
बैकुंठपुर जिला कोरिया

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
विभाग बैकुंठपुर जिला कोरिया

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

उप संचालक
कृषि विभाग बैकुंठपुर
जिला कोरिया

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

जिला परिवहन अधिकारी
बैकुंठपुर जिला कोरिया

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग कोरिया/
मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

वन परिक्षेत्र अधिकारी
केल्हारी ,मनेन्द्रगढ़ वन मंडल
जिला एमसीबी

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

पार्क वन परिक्षेत्र अधिकारी
रामगढ़ गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान
बैकुंठपुर जिला कोरिया

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

उप संचालक
कृषि विभाग मनेन्द्रगढ़
जिला एमसीबी

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास विभाग
बैकुंठपुर जिला कोरिया

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन विभाग मनेन्द्रगढ़
जिला एमसीबी

समस्त प्रदेशवासियों को 26 जनवरी
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
विनीतः कार्यपालन अभियंता लोक
निर्माण विभाग, कोण्डागांव

समस्त प्रदेशवासियों को 26 जनवरी
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए
वनों को आग से बचाएं
वन्यप्राणियों से दूर रहें
विनीतः वन मण्डलाधिकारी दक्षिण
वन मण्डल, जिला–कोण्डागांव

समस्त प्रदेशवासियों को 26 जनवरी
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
विनीतः कार्यपालन अभियंता
ग्रा.या. से. संभाग–कोण्डागांव

समस्त प्रदेशवासियों को 26 जनवरी
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
विनीतः सहायक संचालक उद्यानिकी
विभाग, जिला–कोण्डागांव